चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 126, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 04 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# भयावहः ओडिशा में तीन ट्रेन टकराईं, 261 मौतें...

## 900 घायल, पीएम ने किया घटनास्थल का दौरा, एक मालगाड़ी और दो एक्सप्रेस ट्रेन भिड़ीं




## रूट पर टक्कर रोकने वाला सिस्टम नहीं था

**बालासोरः** ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम तीन ट्रेनें दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। घटना बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास हुई। स्टेशन से कुछ दूरी तय करने के बाद एक ट्रेन मेन लाइन छोड़कर लूप लाइन में चली गई और हादसा हो गया।

कोलकाता से करीब 250 किलोमीटर दक्षिण और भुवनेश्वर से 170 किलोमीटर उत्तर में बालासोर जिले के बहानागा बाजार स्टेशन के पास शुक्रवार शाम करीब सात बजे भीषण ट्रेन हादसा हुआ। इस हादसे का शिकार तीन ट्रेनें हुईं जिसमें कोरोमंडल एक्सप्रेस, बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और मालगाड़ी शामिल हैं। इस भयावह हादसे में कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकरा गई। ट्रेन का इंजन मालगाड़ी के डिब्बे पर चढ़ गया। टक्कर के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस के 13 डिब्बे बुरी तरह छतिग्रस्त हो गए। इनमें सामान्य, स्लीपर, एसी 3 टियर और एसी 2 टीयर के डिब्बे शामिल थे। कुछ डिब्बे बगल के ट्रैक पर भी जा गिरे। उस वक्त दूसरी ओर से बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस को गुजरना था। बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस के ट्रैक पर कोरोमंडल एक्सप्रेस के डिब्बे गिरे हुए थे। इसकी वजह से बेंगलुरु-हावड़ एक्सप्रेस इन डिब्बों से टकरा गई। टक्कर के चलते बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस के सामान्य श्रेणी के तीन डब्बे पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पटरी से उतर गए। हादसे के बाद लोगों की चीख-पुकार शुरू हो गई। चारों तरफ खून से सने क्षत-विक्षत और अंगविहीन शव ही दिख रहे थे।



### ऊपर वाली सीट पर पंखा पकड़कर बैठा रहा, फिर दूसरों की मदद की

**एक** पैसेंजर ने बताया कि हम एस5 बोगी में थे और जिस समय हादसा हुआ उस उस समय मैं सोया हुआ था। तेज आवाज से मेरी नींद खुली। मैंने देखा कि ट्रेन पलट गई है। मेरी सीट ऊपर वाली थी, मैं वहां पंखा पकड़ कर बैठा रहा। ट्रेन में भगदड़ मच गई थी। लोग बचाओ-बचाओ चिल्ला रहे थे। तभी पैंट्री कार में आग लग गई। हम दूसरी तरफ भागे, तो हमने देखा कि वहां मरे हुए लोग पड़े हैं जिसमें किसी का हाथ नहीं है, किसी का पैर नहीं है। तब तक कोई बाहरी व्यक्ति मदद के लिए नहीं आ पाया था। ट्रेन से बाहर निकलकर लोग ही एक-दूसरे की मदद कर रहे थे। अच्छी बात ये थी कि हमारी सीट के नीचे एक 2 साल का बच्चा था, जो बिल्कुल सुरक्षित था। हमने उसके परिवार को बचाने में मदद की।

**शुरूआती जांच क्या कह रही है?:** कोरोमंडल एक्सप्रेस 128 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 116 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही थी। दोनों ट्रेनों में लगभग दो हजार यात्री सवार थे। स्टेशन के आसपास ही लूप लाइन बनाई जाती हैं जो आम तौर पर 750 मीटर लंबी होती हैं ताकि एक से ज्यादा इंजन के साथ चलने वाली मालगाड़ियों को वहां खड़ा किया जा सके। जहां हादसा हुआ, उस रूट पर कवच प्रणाली एक्टिव नहीं थी, जो एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनों के आ जाने की स्थिति में हादसे को रोकती है। शुरूआती जांच कहती है कि सिग्नल मिलने के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस स्टेशन से रवाना हुई। आगे जाकर वह अप मेन लाइन छोड़कर लूप लाइन में चली गई, जहां मालगाड़ी पहले से खड़ी थी। यहां पर पहली भिड़ंत हुई और कोरोमंडल एक्सप्रेस के डिब्बे डाउन मेल लाइन पर आ गए, जहां दूसरी ट्रेन बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस आई। इसी वजह से कई लोगों की जान गई।

**ट्रेनों के संचालन पर हादसे का असर क्या हुआ है?**

बालासोर ट्रेन दुर्घटना के बाद लंबी दूरी की 48 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। 39 ट्रेनों के रुट में बदलाव किया गया है। इसके अलावा 10 ट्रेनें ऐसी भी हैं जिन्हें आंशिक रूप से रद्द किया गया है।

**हादसे की वजह क्या है?**

रेलवे के जानकारों का कहना है कि इस हादसे के पीछे दो कारण नजर आ रहे हैं। पहला- मानवीय भूल और दूसरा- तकनीक में खराबी। इस हादसे के पीछे तकनीक में खराबी को अब तक बड़ी वजह माना जा रहा है। जब हादसा हुआ उस दौरान अगर सिग्नल सिस्टम दुरुस्त होते तो कोरोमंडल एक्सप्रेस को रोका जा सकता था। दरअसल, ड्राइवर ट्रेन को कंट्रोल रूम के निर्देश पर चलाता है।

## ओडिशा ट्रेन हादसा- अंधेरे में अपनों के टुकड़े तलाशते रहे

### चश्मदीद बोले- लोग चीख रहे थे, कहीं किसी का हाथ पड़ा था तो कहीं पैर; कई डिब्बों में फंसे थे

**भुवनेश्वरः** ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम करीब 7 बजे हुआ ट्रेन हादसा इतना भयानक था कि कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन के कई कोच तबाह हो गए। एक इंजन तो मालगाड़ी के रैक पर ही चढ़ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि खिड़कियों के कांच टूट गए और करीब 50 लोग बाहर जाकर गिरे। अंधेरा होने के कारण रोते-बिलखते लोग अपनों को तलाशते रहे। कुछ को धड़ मिला, तो सिर नहीं। लोग चीखते हुए अपनों के टुकड़े बटोरते दिखे। हालात ऐसे थे कि बोगियों में फंसे बच्चों और महिलाओं को कोच से




बाहर निकालने के लिए सीढ़ी का सहारा लेना पड़ा। ट्रेन में फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के स्थानीय लोग भी देर रात तक जी-जान से जुटे दिखे। अस्पताल में भी घायलों की मदद के लिए कई लोग खड़े थे। इस हादसे में अब तक 261 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 900 से ज्यादा लोग घायल हैं।

ऐसे में मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। एक्सीडेंट में घायल हुए लोगों ने इस हादसे का जो आंखों-देखा हाल बताया, उससे समझा जा सकता है कि हादसा कितना भयावह था।

### ट्रेन पलटी तो 10 लोग मेरे ऊपर आकर गिरे, बाहर निकलकर कटी हुई लाशें देखीं

**एक** अन्य पैसेंजर ने बताया कि मुझे ट्रेन में नींद आ गई थी। तभी गाड़ी पलट गई। झटके से मेरी नींद खुली। मैं रिजर्व बोगी में था, लेकिन इसमें जनरल बोगी जैसे लोग भरे थे। मेरी आंख खुली तो मैंने देखा कि 10-12 लोग मेरे ऊपर पड़े हुए हैं। जब मैं ट्रेन से बाहर निकला तो देखा कि किसी का हाथ नहीं है, किसी का पैर नहीं है। किसी का चेहरा खराब हो चुका है। मुझे हाथ और गर्दन में चोट आई है।

**मैं 6:40 पर बालासोर से ट्रेन में बैठा, 6:55 पर हादसा हो गया**

एक पैसेंजर सौम्यरंजन शेट्टी ने बताया कि वे भद्रक ब्लॉक में रहते हैं और बालासोर में नौकरी करते हैं। शाम को घर जाने के लिए उन्होंने 6:40 बजे बालासोर से कोरोमंडल ट्रेन पकड़ी। 6:55 पर बहानगा स्टेशन पर कुछ आवाज आई और ट्रेन पलट गई। तब समझ आया कि ट्रेन का एक्सीडेंट हो गया है। जैसे ही ट्रेन रुकी, तो मैं पहले बाहर निकला। मेरे साथ जो तीन-चार लोग थे, उनका रेस्क्यू किया गया। एक आदमी मुझे पकड़कर नीचे लाया और पानी पिलाया। इसके बाद मुझे एम्बुलेंस में बिठाकर अस्पताल लाया गया।

## मुझे पब्लिसिटी का शौक नहींः सांसद भज्जी

**जालंधरः** पूर्व क्रिकेटर एवं पंजाब से आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह भज्जी ने राज्यसभा में उनकी हाजिरी को लेकर सवाल उठाने वालों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में उनकी 60% से ज्यादा हाजिरी है। उन्होंने पंजाब के कई मुद्दे सदन में उठाए हैं। हाजिरी पर सवाल उठाने वाले उनके काम देखें।

भज्जी ने दावा कि शायद वह पहले राज्यसभा सदस्य होंगे जिन्होंने अपना लगभग सारा एमपी लैड फंड ऊ्ड के जरिये विकास कार्यों में लगा दिया है। उनकी बस एक ही कमी है और वो ये कि वह अपनी पब्लिसिटी नहीं करते। वाहेगुरु ने उन्हें औकात से कहीं ज्यादा दिया है इसलिए पब्लिसिटी की जरूरत नहीं है। वह सिर्फ काम करने में विश्वास रखते हैं। आजकल तो 1 रुपए का काम कर 10 का दिखाने वाला जमाना आ गया है।

**लोगों की सेवा का सौभाग्य मिला हैः** भज्जी ने कहा कि उनकी एक आदत है कि जब वह कोई काम कर देते हैं ।

## अमरनाथ गुफा में पूजा के साथ यात्रा की रस्मी शुरूआत

**श्रीनगरः दक्षिण** कश्मीर स्थित अमरनाथ गुफा में शनिवार को प्रथम पूजा के साथ ही वार्षिक अमरनाथ यात्रा की रस्मी शुरूआत हो गई। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रथम पूजा (पहली पूजा) में शामिल हुए। इस साल तीर्थयात्रा 1 जुलाई से शुरू होगी और 31 अगस्त को समाप्त होगी। पिछले साल यात्रा में करीब 3 लाख श्रद्धालु शामिल हुए थे।

**अमरनाथ यात्रा का ऐप भी जारीः** अमरनाथजी श्राइन बोर्ड दुनियाभर के लोगों के लिए सुबह और शाम की आरती का सीधा



प्रसारण भी करेगा। यात्रा, मौसम और कई सेवाओं का ऑनलाइन लाभ उठाने के लिए अमरनाथ यात्रा का ऐप गूगल प्ले स्टोर पर जारी कराया गया है। ये दो अलग-अलग जगह के विजुअल हैं। पहली फुटेल में बाबा बर्फानी का दरबार है जहां प्रथम पूजा की जा रही है। जबकि दूसरा विजुअल श्रीनगर का है इसमें एलजी मनोज सिन्हा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पूजा में शामिल हुए हैं।

**17 अप्रैल से शुरू हो चुके हैं रजिस्ट्रेशनः** अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 17 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से किए जा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अनंतनाग जिले में पहलगाम ट्रैक और गांदरबल जिले में बालटाल दोनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं।

**सीमा सड़क संगठनः** 15 जून तक दक्षिण कश्मीर में पवित्र अमरनाथ गुफा की ओर जाने वाले मार्ग से बर्फ हटाने का काम पूरा कर लेगा।

## अजय बंगा ने विश्व बैंक के अध्यक्ष का पदभार संभाला

**वाशिंगटन/नई दिल्लीः** भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक अजय बंगा ने विश्व बैंक के अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। इसके साथ ही वह वैश्विक वित्तीय संस्थानों विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की अध्यक्षता करने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति बन गए हैं। विश्व बैंक ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। विश्व बैंक ने बंगा की मुख्यालय में प्रवेश करते हुए फोटो पोस्ट करते हुए लिखा है, हमारे साथ मिलकर विश्व बैंक समूह के नए अध्यक्ष के तौर पर अजय बंगा का स्वागत करें। हम गरीबी से मुक्त दुनिया



बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशकों ने तीन मई को 63 वर्षीय अजय बंगा को विश्व बैंक का 14वां अध्यक्ष चुना था। उनका कार्यकाल पांच साल का होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फरवरी में विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अजय बंगा को नामित किया था उल्लेखनीय है।

### यूपी में स्वास्थ्य सेवाओं में हुआ सुधार, अराजीलाइन, हरहुआ व चिरईगांव ब्लॉक जनपद में सर्वश्रेष्ठ

## हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड में वाराणसी का पहला स्थान

**वाराणसीः गर्भावस्था** में एचआईवी जांच, गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल, वर्तमान जन्म अनुपात, प्रसव पूर्व जांच समेत 16 संकेतकों पर अच्छा कार्य करने के लिए अप्रैल माह में वाराणसी को प्रदेश की हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने जिले की सभी नगरीय व ग्रामीण स्तरीय पीएचसी-सीएचसी व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई दी है और सेवाओं की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पिछले तीन माह से हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड में वाराणसी दूसरे व




तीसरे स्थान पर बना हुआ है, लेकिन इस बार वाराणसी ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इससे ज्ञात होता है कि जनपद के सभी राजकीय चिकित्सालयों, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्रों, आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व उपकेन्द्रों पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। इसके लिए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डॉ एचसी मौर्य और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक संतोष कुमार सिंह के सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। एएनएम की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता समुदाय से लाभार्थियों को प्रेरित कर चिकित्सा इकाइयों तक लाती हैं। वाराणसी की यह रैंकिंग अंग्रिम पंक्ति कार्यकताओं का सम्मान है । उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से कहा कि मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, नवजात स्वास्थ्य और पोषण संबंधित गतिविधियों की गुणवत्ता बरकरार रखी जाए।

## एशिया की सबसे बड़ी मछली मंडी चंदौली में बन रही : डॉ संजय निषाद

**वाराणसीः उत्त**र प्रदेश के मत्स्य मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने शनिवार को बताया कि एशिया की सबसे बड़ी मछली मंडी चंदौली में बन रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप बन रही मछली मंडी से लगभग 15 सौ व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होंने बताया कि मछली बाजार पूर्ण क्षमता में संचालित होने पर वार्षिक लगभग 75 हजार मी0 टन



मछलियों का व्यापार होगा। डॉ संजय निषाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की जीडीपी ग्रोथ में 22 फीसदी योगदान मत्स्य का है, जबकि कृषि का 3.1 फीसदी ही है। योजनाओं के माध्यम से मत्स्य के क्षेत्र में लोगों को रोजगार देने के साथ ही राजस्व में भी वृद्धि हो रहा है।

इस वर्ष 06 हजार मछुआरों को निःशुल्क साइकिल वितरण मत्स्य विभाग द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने सेंधमारी कर जेवरात नगदी सहित लाखों के माल उड़ाए

**मऊआइमा।** शादी समारोह में गया परिवार जब घर आया तो देखा कि घर के पीछे चोर सेंधमारी करके लाखों के माल पर हाथ साफ कर चुके थे। भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर दे कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के गमरहटा गांव निवासी कल्लू राम पुत्र राम किशोर का पूरा परिवार एक शादी समारोह में गया था। जब वापस लौटे तो देखा कि घर के पीछे चोर सेंधमारी कर-के बक्से में रखा डेढ लाख रुपये नगद एंव सोना चांदी के जेवरातों सहित लाखों की चोरी करने में कामयाब रहे। कल्लू राम ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### आम तोड़ने पर किशोर पिटाई


**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के सेमरवीर भान पुर में आम तोड़ने पर किशोर को मार पीट कर जख्मी कर दिया गया। तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मऊआइमा के सेमरावीरभानपुर गांव निवासनीय सुमित्रा देवी पत्नी राम सुख का आरोप है कि उनका नाती पडोस में लगे आम के पेड से फल तोड लिया। जिसपर उसे मारा पीटा गया। सुमित्रा देवी ने थाने में तहरीर दे कर गांव के ही लल्लू, हरिश्चन्द्र, महाराजदीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# नैनी में प्रतियोगी छात्र का शव गमछे से लटका मिला

## 21 मई को थी बड़े भाई की शादी, दो दिन पहले गांव से आया था कमरे पर

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी कोतवाली अंतर्गत एडीए कॉलोनी में महर्षि इंटर कॉलेज के पास किराए का कमरा लेकर रहता था रहने वाले प्रतियोगी छात्र का शव गमछे से लटका मिला 2 दिन पहले ही युवक अपने बड़े भाई की शादी से घर से कमरे पर आया था 21 मई को उसके बड़े भाई की शादी हुई है पुलिस इसे सुसाइड मान रही है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हालांकि परिजनों ने आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए उसकी मौत पर शक जताया है पुलिस का कहना है जांच के बाद सच्चाई सामने आएगी मूल रूप से भदोही जनपद के गोपीगंज थाना अंतर्गत पाली भिदीउरा गांव निवासी उमाकांत पांडेय अपनी पत्नी माया पांडेय और बेटी के साथ पालघर मुंबई महाराष्ट्र में रहते हैं वहीं पर प्राइवेट नौकरी करते हैं उनके तीन बेटे हैं। उनका सबसे छोटा बेटा सिद्धांत पांडेय (19) बीएससी की पढ़ाई कर रहा था। साथ में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहा था सिद्धांत अपने गांव और परिवार से दूर प्रयागराज के नैनी कोतवाली अंतर्गत एडीए कॉलोनी में महर्षि इंटर



कॉलेज के पास किराए का कमरा लेकर रहता था और पढ़ाई करता था उसके भाई अनिरुद्ध पांडिय ने बताया कि शनिवार करीब 12.30 बजे दोपहर में उनकी चचेरी भाभी ने उन्हें फोन करके बताया कि सिद्धांत ने सुसाइड कर लिया है। पता चलने पर वह लोग बदहवास हालत में कमरे पर पहुंचे वहां की स्थिति देखने के बाद भाई ने कहा कि ऐसा नहीं लग रहा था कि उनके भाई ने सुसाइड किया है उन्हें उसकी मौत पर शक है। क्योंकि 2 दिन पहले ही जब वह घर से आया था, तब ठीक-ठाक था। कल रात में उसकी मां से बात हुई थी, तब भी ठीक था फिर अचानक वह सुसाइड क्यों करेगा यह पुलिस की जांच का विषय है घरवालों ने बताया कि सिद्धांत पांडेय पढ़ने में बहुत तेज था। इसीलिए वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था 21 मई को उसके बड़े भाई अनिरुद्ध पांडेय की शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए वह गांव गया था परिवार के लोग भी शादी में गांव आए थे जो अभी रुके हुए हैं दो दिन पहले ही घर से अपने कमरे पर आया था। भाई ने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि सिद्धांत की मौत कैसे हुई है क्योंकि कमरे से कोई सुसाइड नोट भी नहीं बरामद हुआ है इंस्पेक्टर नैनी बुजेश सिंह का कहना है कि प्रथम द्दष्टया प्रतियोगी छात्र फांसी पर लटकता मिला है जिससे हैंगिंग मानी जा रही है अभी परिजनों की ओर से जो सवाल उठाए गए हैं, उन सभी साक्ष्यों की जांच की जाएगी जो सच्चाई होगी। उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव स्थित मुसहर बस्ती की महिला के ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। उसकी मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव स्थित मुसहर बस्ती की पार्वती देवी उर्फ विमला देवी 45 वर्ष पत्नी पुरषोत्तम मुसहर गुरुवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे किसी काम से सड़क पार कर रही थी कि उसी समय शिवराजपुर चौराहे से कपारी की ओर तेज गति से जा रहीं ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके आठ लड़के व एक लड़की बताई जाती है। ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।महिला की दर्दनाक मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिन ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

## न्यूज झरोखा

### सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आएं हैं....



**जंघई।** महरछा, बारी गांव में विजयनाथ पांडेय, अविनाश चंद्र पांडेय, अखिलेश चंद्र पांडेय के निवास पर श्रीमद्भागवत कथा समापन के बाद शुक्रवार को हवन पूणाहुति, महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन संध्या का कार्यक्रम सुप्रसिद्ध गायक विकास पांडेय इलाहाबादी एवं ज्योति शर्मा द्वारा भक्ति गीत देवी गीत सुन लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई मां के जयकारे के बीच भक्ति गीतों का दौर प्रारंभ हुआ चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है, जय जय अम्बे, जय जगदम्बे, जय अम्बे गौरी, बमबम बोल रहा है काशी आदि गीतों मधुर प्रस्तुति हुई। मथुरा वृदांवन की झाकियों में शिव तांडव, सती चरित्र काली तांडव, महिषासुर बध आदि झाकियों ने उपस्थित सैकड़ों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया मंच का संचालन राजकुमार अंजाना ने किया।

### पीएम किसान सम्मान निधि केवाईसी कैम्प का हुआ आयोजन



**करछना।** विकासखंड करछना के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा निरिया प्राथमिक विद्यालय पर किसान सम्मान निधि का समस्या को लेकर कैम्प का आयोजन किया गया जिन किसानों को अभी तक पीएम किसान सम्मान निधि से बंचित थे उनका त्वरित कार्रवाई करते हुए निराकरण किया गया तथा जिन लोगों का पैसा आने में दिक्कतें आ रही थी मोबाइल नंबर नहीं जुड़ा है वह समस्या का समाधान करने के लिए पोस्ट मास्टर सुनील कुमार एवं ग्राम प्रधान अमृतलाल और समाजसेवी पवन कुमार यादव ,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुकेश कुमार, सफाई कर्मी अनिल कुमार , श्रीधर यादव किसान भाइयों राजेंद्र यादव , कृष्ण मोहन यादव, रामचंद्र, प्रभुनाथ,किन्नू यादव , मनोज कुमार, भोलानाथ आदि लोग ग्राम सभा के व्यक्ति मौजूद थे।

### दिल मे जजबा हो तो थोड़ी थोड़ी रकम एकत्रित कर हज पर जरूर जाएं : मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान



**मऊआइमा।** मऊआइमा के ऐतिहासिक लदाव कोठी से आधा दर्जन हाजियों का जत्था हज जियारत के लिए रवाना हुआ जहां बडी संख्या में लोग मुबारकबाद देने लदाव कोठी पर पहुंचे। शनिवार को मऊआइमा कस्बा के लदाव कोठी से वरिष्ठ समाज सेवी उमैर जलाल, उनकी अहलिया,उनके पिता असदुल हक ,उनकी माताजी ,उमैर जलाल के खालू अशर सईद ,खलेरा भाई आशिक सईद हज यात्रा पर रवाना हुए। हज पर जाने से पूर्व मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान साहब ने हज के बाबत लोगों को सवाब के बारे में बताया तथा कहे कि यदि दिल में जज्बा हो और थोडी थोडी रकमें एकत्रित हो जाए तो हर कोई का हज करने की अरमान पूरी हो जाएगी। इसके पूर्व कारी मोहम्मद शमामा ने केराआत ,नजम पढी। अन्त में मौलाना मुफ्ती हबीबुर्रहमान ने दुआ कराया। हज पर रवाना होने से पूर्व समाज सेवक उमैर जलाल ने सभी से जाने अनजाने में कोई गलती हो जाने पर माफी मांगी। वहां मौजूद जानकर लोगों ने बताया कि पहले लखनऊ से हाजियों की जहाज मदीना जाती थी जहां सारे होटल फुल हो जाने से हाजियों को मदीना तक जहाज ले जा कर छोड देती है फिर हाजी बस द्वारा मक्का छह घंटे में पहुंचाया जा रहा है। हज कमेटी के इस बदलाव से हाजियों में नाराजगी है। लदाव कोठी से आधा दर्जन लोगों के हज पर जाने वालों को उनसे मिलने और दुआ करवाने के लिए चेयरमैन शोएब अंसारी, नदीम इंतेखाब, मोहम्मद अनस,बासित ,डाक्टर इरशाद ,कारी रहमतुल्लाह, बहाल उद्दीन, जिया अब्बसी, मेराज आरिफ ,रूखसार मेराज ,एजाज ,मोहम्मद सलीम, वारिश, अफसार, नदीम सादिक, रिजवान, राशिद लतीफ, कौशरगयास,अनीस आदि बडी संख्या में लोगों ने नम आंखों से बिदाई दी।

### राजा मौर्य केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के बने डायरेक्टर



**जंघई।** केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार प्रयागराज/कौशांबी के निर्विरोध चेयरमैन निर्वाचित होने पर विमलेश कुमार पटेल एवं राजकुमार, राजा मौर्य को डायरेक्टर बनाए जाने पर क्षेत्रीय लोगों ने बधाई दिया एवं मिठाई बांट कर हर्षोल्लास जताया है। मनोज सिंह आचार्य, राजकुमार पटेल, बबलू सिंह, राजीव दुबे मटरू प्रधान, मनीष केसरवानी, गंगाधर शुक्ल, प्रवीण सिंह, आशुतोष सिंह सहित तमाम लोगों ने बधाई दी।

### कार्यवाहक प्रधानाचार्य बने अशोक मिश्र



**करछना।** लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज धरवारा में जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह के आदेशानुसार प्रवक्ता अशोक कुमार मिश्र कार्यवाहक प्रधानाचार्य बने। उन्होंने शनिवार को प्रधानाचार्य का कार्यभार ग्रहण किया और विद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों की ओर से उनका फूल मालाओं से स्वागत व अभिनंदन किया गया। साथ ही साथ खुशी के जश्न में आपस में एक दूसरे का मुंह भी मीठा कराया गया। गौरतलब है कि धरवारा कालेज के प्रधानाचार्य रहे श्याम नारायण पांडेय 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए थे। 2 जून शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह की ओर से हस्ताक्षर प्रमाणित होने व कार्यवाहक प्रधानाचार्य का आदेश होने से विद्यालय संबंधी सभी कार्य शनिवार से शुरू हो गए। इस मौके पर संतोष कुमार शुक्ला क्षितीश तिवारी राजेश कुमार पांडेय वेदेशदत्त पांडेय अनिल मिश्र पंकज मिश्र राजेश राजेंद्र सोनकर आदि कर्मचारी लोग मौजूद रहे।

# विमलेश पटेल को केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार का अध्यक्ष चुने जाने पर हर्ष

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार प्रयागराज/कौशांबी के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर विमलेश पटेल को कार्यकताओं ने बधाई देते हुए हर्ष जताया। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल की अध्यक्षता में विमलेश पटेल को केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी भण्डार लि. प्रयागराज/कौशाम्बी के अंदावां स्थित कार्यालय पर शुक्रवार को अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर पार्टी कार्यकताओं एवं संचालक मंडल के सदस्यों द्वारा माला पहनाकर स्वागत के साथ हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी गई। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष विमलेश पटेल ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए संचालक मंडल के सदस्यों तथा कार्यकताओं एवं प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन करने वाले सभी



नवनिर्वाचित विमलेश पटेल को स्वागत एवं बधाई देते भाजपाई।

शुभचिंतकों के प्रति अंतःमन से आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आपका विश्वास ही मेरी ताकत है। सहकारिता एवं पंचायतीराज गांव व किसानों से जुड़ा विभाग होने से हमेशा से मेरा पसंदीदा रहा है जहां पर हम किसानों के बेहतरी में अपना सम्पूर्ण योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल , भाजपा जिलाध्यक्ष गंगापार अश्विनी द्विवेदी, कन्हैया लाल पाण्डेय, संगीता पटेल, सुनीता उपाध्याय, राजा मौर्य, संदीप द्विवेदी, लल्ले सिंह, लाल चन्द्र पटेल सहित आदि लोगों ने विमलेश पटेल को बधाई एवं अच्छे कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित रहे।

### अपहरण किशोरी के मामले में आशिक सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक किशोरी को तथाकथित आशिक ने अपहत कर अपने घर में रख लिया। उलहना देने पर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने किशोरी के आशिक सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की सतरह वर्षीय किशोरी का गांव के एक युवक से इश्क हो गया था। आरोप है कि किशोरी अपने आशिक के संग उसके घर चली गई। किशोरी के परिजनों का आरोप है कि वह अपनी बेटी के बाबत पूछने गए तो उन्हें और परिजनों को मारा पीटा गया। तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने में किशोरी के आशिक इमरान उर्फ कटीले पुत्र इरफान, तथा छोटे भाई गुलजार एंव बहन नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# बेटे की मौत की खबर सुनकर हादसे में घायल मां की भी गई जान

अखंड भारत संदेश

**मां का इलाज कराने अस्पताल जा रहा था बेटा**

**हंडिया।** हादसे में घायल मां का इलाज कराने के लिए जा रहा बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इसकी खबर जब अस्पताल में भर्ती मां को लगी तो बेटे का जनाजा उठने से पहले ही उसकी भी मौत हो गई। मां बेटे की मौत से गांव में मातम पसर गया है। बेटे के साथ घायल दूसरे शख्स की हालत अस्पताल में नाजुक बनी हुई है।हंडिया थाना क्षेत्र के कस्बा बरौत की रहने वाली सितारा बेगम अपने रिश्तेदार के साथ बाइक से हंडिया अस्पताल में भर्ती किसी रिश्तेतार को देखने गई थी। अस्पताल से घर लौटते समय हंडिया बाजार के पास बासुपुर चौराहे पर हुए हादसे में उसको गंभीर चोटे आईं। साथ ही हाथ भी फैक्कर हो गया। उसको उपचार के लिए भदोही के गोपीगंज ले जाया गया। मां के घायल होने की सूचना मिलने पर बेटा साजिद (25) अपने दोस्त आफताब के साथ बाइक से मां का उपचार कराने गोपीगंज जा रहा था।गोपीगंज के निकट राजपूत ढाबा के पास वाहन को सामने आए व्यक्ति को बचाने के चक्कर में वह ट्रक से भिड़ गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उसका साथी आफताब गंभीर रूप से घायल है। बेटे की मौत की खबर जब अस्पताल में भर्ती मां सितारा बेगम को मिली तो सदमे में उसकी भी मौत हो गई। कुछ घंटे के भीतर मां-बेटे की मौत से परिवार सहित पूरे गांव में मातम छा गया है।

# दबंग भू माफियाओ के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के में कतिपय दबंग भू माफियाओ के कारण ग्रामीणों का जीना दुश्वार हो गया है। आरोप है कि वाहनों में हूटर लगा कर रात में दहशत फैलाने एंव दूसरी की जमीन हडप लेने, पेयजल के लिए आयी टंकी न बनने देने आदि सहित कई संगीन धाराओं में मऊआइमा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा निवासी मोहम्मद लईक पुत्र मोहम्मद रफीक का आरोप है हमारे गांव के पूर्व एआईएमआईएम के महासचिव प्रयागराज के अटाला के नूर उल्ला रोड में धरना प्रदर्शन में भाग लेने पर उसका वाहन पकडा गया था। उक्त माफिया प्रवृत्ति का सौदागर उसकी भूमिधरी जमीन पर कतिपय दबंगों से मिलकर जबरियन गुंडागर्दी से असलहों से कब्जा कर लिए ।मोहम्मद लईक का आरोप है कि सरकार द्वारा गांव गांव पेयजलापूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के तहत निर्माण के लिए आयी टंकी की बोरिंग मशीन के आगे दबंगों ने अपना वाहन खडी करके न बनने देने सरकारी, गैर सरकारी कर्मचारियों को दौडा लेने उनसे अभद्रता करने तथा पेयजलापूर्ति की टंकी न बनने देने और रात्रि के समय कई लोगों को लेकर वाहनों में हूटर बजाने आदि से खौफ पैदा करने से लोग आजिज आ गए थे।मोहम्मद लईक का आरोप है कि पैरवी करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देने आदि से परेशान होकर वह मऊआइमा थाने में तहरीर दी। पुलिस ने जांच करायी तो वाहन में हूटर एंव अन्य आरोप सही पाए गए। मोहम्मद लईक की तहरीर पर पुलिस ने महरौंडा गांव निवासी अजहरुल इस्लाम पुत्र फखरुल इस्लाम ,लतीफ अनवर पुत्र अनवारूल इस्लाम तथा पांच अज्ञातों के खिलाफ विभन्न संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा लिया है।

# करछना तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने की शिरकत

अखंड भारत संदेश

## कार्य में लापरवाही बरतने पर दो लेखपालों पर हुई कार्रवाई



**करछना।** प्रयागराज शनिवार को करछना तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिला अधिकारी प्रयागराज संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, डीएम की सूचना पर बड़ी संख्या में दूर दराज से चिलचिलाती धूप में फरियादियों का तांता लगा रहा इस मौके पर 203 शिकायतें फरियादियों ने दर्ज कराई जिसमें 12 का मौके पर निस्तारण किया गया उनके साथ सीडीओ सीएमओ पुलिस महकमे के आला अधिकारी सहित संबंधित विभाग के सभी अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस पर मौजूद रहे शिकायतों में विकासखंड करछना के रोकड़ी ग्राम पंचायत में बन रहे दो कमरों के प्राथमिक विद्यालय में घटिया किस्म की सामग्री के इस्तेमाल पर गांव के लोगों ने जिलाधिकारी से शिकायत की जिस पर तत्काल निर्देश जिलाधिकारी ने देते हुए जांच के आदेश दिए मौके पर गए अधिकारियों द्वारा घटिया किस्म की ईंट और बालू का इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आया वहीं दूसरी ओर विकासखंड करछना के ग्राम पंचायत अंतहिया मजरा गढ़वा में अनुसूचित जनजाति के कृषि पट्टा दिया गया था कृषि योग्य जिसको तहसील विभाग के कुछ अफसरों ने करोड़ों रुपए के लेन-देन पर बैनामा करवा दिया गया का आरोप ग्राम प्रधान अंतरिया मानवेंद्र नारायण मिश्र ने लगाया जिस पर गंभीरता से लेते हुए डीएम ने जांच के आदेश दिए इसी क्रम में दूरदराज से आए फरियादियों ने बिजली पानी सड़क आवास पेयजल गांव में गर्मी में सूखे पड़े अमृतसरो?वरो में पानी भरें जाने की शिकायत दर्ज कराई है आदि से संबंधित 203 शिकायतें दर्ज कराई जिसका मौके पर 12 शिकायतो का निस्तारण कर दिया गया कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया वहीं तहसील के दो लेखपाल के ऊपर कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई।

# नगर के विकास को लेकर चेयरमैन कोरांव डिप्टी सीएम से मिले

## निर्दल उम्मीदवार ओमप्रकाश केसरी को मिली है जीत, दिए विकास कार्यों के प्रस्ताव

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** नगर पंचायत कोरांव में अध्यक्ष पद पर निर्दलीय उम्मीदवार ओमप्रकाश केसरी को जीत मिली है। निर्वाचित सभी सभासद गणों के साथ शपथ ग्रहण करने के उपरांत प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर कर नगर के विकास कार्यों के प्रस्ताव दिए हैं। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चेयरमैन बने ओमप्रकाश केसरी की प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से हुई मुलाकात भाजपा में शामिल होने के भी संकेत दे रही है। नवनिर्वाचित चेयरमैन ओमप्रकाश केसरी ने प्रदेश के डिप्टी सीएम को नगर के विकास हेतु विभिन्न प्रस्ताव जैसे नगर में जल निकासी के लिए नाली एवं नालों का निर्माण, सड़क, पेयजल एवं प्रकाश की व्यवस्था समेत कई अन्य प्रस्ताव भी दिए गए हैं। चेयरमैन ओमप्रकाश केसरी की डिप्टी सीएम से हुई मुलाकात को लेकर नगर वासियों में भी उत्साह देखा जा रहा है। नगर वासियों में



आस जगी है कि नगर के विकास में प्रदेश के डिप्टी सीएम अपना भरपूर सहयोग देंगे। चेयरमैन ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि नगर पंचायत कोरांव में जलभराव की समस्या काफी दिनों से चली आ रही है। जिसे दूर करने के कारगर उपाय किए जाएंगे। नगर की सैकड़ों बीघे जो जमीने परती रहती हैं, उस पानी के निकास की भी व्यवस्था बनाई जाएगी। जिससे काश्तकार अपने खेतों में फसलें भी उगा सकेंगे।

### ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**प्रयागराज।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। दोनों की लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। इनमें से एक व्यक्ति नया ट्रैक्टर लेकर गांव की तरफ जा रहा था। गाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें ट्रैक्टर चालक की जान चली गई। शुक्रवार को गंगानगर के होलागढ़ थाना अंतर्गत सराय चंद्रभानपुर गांव निवासी निहाल सिंह पुत्र जंग बहादुर सिंह ने बृहस्पतिवार को नया ट्रैक्टर खरीदा था। शुक्रवार को गांव का ही रहने वाला सूरज सिंह (42) पुत्र राम प्रताप सिंह उसका ट्रैक्टर लेकर गांव की तरफ जा रहा था। गांव के बाहर सामने अचानक से गाय आ गई। जिसको बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दबकर सूरज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।
वहीं कोरांव थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी श्यामधर पाल (40) पुत्र देवदत्त पर मिक्सचर मशीन का मिस्त्री था। क्षेत्र के महुली पियरी गांव में लिंटर डालने के ली गई लिफ्ट मशीन की फिटिंग करते समय ऊपर से लोहे का रॉड उसके सिर पर गिर गया। जिससे उसका सिर फट गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# जसरा-भीटा मार्ग का सांसद ने निरीक्षण कर कहा शीघ्र ही शुरू होगा पुनर्निर्माण

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** प्रयागराज सांसद ने दौरा करके जसरा-भीटा मार्ग का निरीक्षण किया तथा उन्होंने जानकारी दिया कि जल्द ही इसके पुनर्निर्माण की शुरूआत होगी। सांसद द्वारा दी गई जानकारी पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है। प्रयागराज यमुनापार की सांसद डॉ०रीता बहुगुणा जोशी ने बारा विधानसभा का दौरा करते हुए जसरा भीटा मार्ग का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि जसरा भीटा मार्ग का पुनः निर्माण की प्रक्रिया जल्द ही शुरूआत हो जाएगी । जिसका खर्च तिहत्तर लाख रुपए आएगा। इसके लिए प्रस्ताव उन्होंने खुद सरकार को भेजा है। जिसमें टेंडर भी हो चुका है तथा 10% धन भी अवमुक्त किया जा चुका है । इसके साथ ही सांसद जी ने बताया कि घूरपुर से प्रतापपुर मार्ग में जो बीच में रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है, उसका भी पुनःनिर्माण की प्रक्रिया जल्दी ही शुरू होगी। ग्रामीणों ने बताया कि जसरा भीटा मार्ग को जसरा विकास खंड के दो दर्जन से ऊपर गांव को जोड़ता है। किंतु मार्ग की हालत जर्जर होने के कारण लोगों को आने जाने में भारी असुविधा हो रही थी। इसी रास्ते से शव के दाह संस्कार के लिए भी लोग सुजावन घाट जाया करते हैं। उक्त



जानकारी के बाद आनंद जायसवाल , किसान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल मिश्रा, जसरा ग्राम प्रधान आशीष सोनकर , संजय विश्वकर्मा , जसरा व्यापार मंडल अध्यक्ष दीप चंद गुप्ता , मान सिंह पटेल ,शंकर लाल मधुकर , शंभू नाथ खरे , सुभाष चंद्र मिश्रा एडवोकेट हाई कोर्ट, शशिकांत त्रिपाठी एडवोकेट आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# डीएम ने की डेंगू व अन्य संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**जिलाधिकारी ने डेंगू एवं अन्य संचारी रोगो से बचाव हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाये जाने के दिए निर्देश**

**जिलाधिकारी ने हॉट-स्पॉट स्थानों को चिन्हित कर वहां पर विशेष सफाई अभियान चलाये जाने के लिए कहा**

**डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम को क्रियाशील कराये जाने के लिए कहा**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शनिवार को संगम सभागार में डेंगू व अन्य संचारी रोगो पर प्रभावी नियंत्रण हेतु गठित जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को कार्य योजना के अनुसार प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायतराज अधिकारी को नालों, नालियों, तालाबों, खाली स्थानों को चिन्हित करते हुए युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने इस बार नालों, खाली स्पॉटों, तालाबों सहित अन्य स्थलों के सफाई कार्य को ड्रोन से निगरानी किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है।जिलाधिकारी ने क्यूआरटी टीम के माध्यम से घर-घर जागरूकता/निगरानी कराये जाने के लिए कहा है। डेरी, नर्सरी, खाली प्लॉटों को भी चिन्हित करते हुए वहां पर साफ-सफाई एवं जल-जमाव न होने देने के लिए विशेष सतर्कता एवं निगरानी की कार्रवाई करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने डेंगू एवं अन्य संचारी रोगो से बचाव हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए कहा है, जिसमें स्कूलों में प्रार्थना सभा में बच्चों को डेंगू से बचाव के बारे में जागरूक करने, बच्चों को फुल आस्तीन के कपड़े पहनने तथा घरों में कहीं पर भी जल-जमाव न होने देने के लिए बच्चों के माध्यम से घर के सदस्यों को जागरूक कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मलेरिया अधिकारी को डेंगू से बचाव एवं डेंगू के लक्षणों के बारे में पम्पलेट छपाकर लोगो के मध्य उसका वितरण कराये जाने तथा मोबाइल अप्लीकेशन के माध्यम से भी लोगो को जागरूक कराये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने पब्लिक एडेज्स सिस्टम के माध्यम से भी लोगो को जागरूक करने के लिए कहा है। साथ ही साथ उन्होंने लोगो को मच्छरदानी का प्रयोग करने के लिए भी जागरूक करने के लिए कहा है। हॉट-स्पॉट स्थानों को चिन्हित करने तथा वहां पर विशेष सफाई अभियान चलाये जाने के लिए कहा है।जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने तथा वहां से बाढ़ का पानी निकलने के बाद जल-जमाव न होने देने के लिए पहले से ही प्रभावी कार्रवाई करने के लिए कहा है। उन्होंने सफाई अभियान को और प्रभावी बनाये जाने हेतु एरिया वाइज जिम्मेदार अधिकारी की तैनाती किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने झाड़ियों की कटाई किए जाने तथा वहां पर सफाई की नियमित रूप से समुचित व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम को क्रियाशील किए जाने के लिए कहा है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फागिंग मशीनों की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने तथा नियमित रूप से फागिंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के साथ-साथ प्रयोग में लाये जाने वाले कैमिकल की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने डेंगू की टेस्टिंग के लिए पहले से ही समुचित व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है। उन्होंने आशा, एएनएम,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किए जाने के साथ-साथ प्राइवेट अस्पतालों के साथ कार्यशाला आयोजित कर अच्छे ढंग से प्रशिक्षित कराये जाने के लिए कहा है। ब्लड डोनेशन के लिए लोगो को जागरूक करने एवं प्लेटलेट्स की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनाये रखने हेतु कार्य योजना के अनुसार कार्रवाई करने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी श्री आशु पाण्डे, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, सीएमएस सहित सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों के अलावा अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट ने रेप पीड़िता की कुंडली जांचने का दिया आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**लखनऊ विवि बताए कुंडली में मांगलिक दोष है या नहीं**

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट ने लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग को दुष्कर्म पीड़िता की कुंडली की जांच का आदेश दिया है। यह आदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बृजराज सिंह ने आरोपी गोविंद राय उर्फ मोनू के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिया है। लखनऊ के थाना चिनहट में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी और पीड़िता की शादी पारिवारिक रजामंदी से तय हुई थी। इसी दौरान विवाह से पहले दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत और वीडियो कॉलिंग होने लगी।इसी दौरान पीड़िता के पिता का देहांत हो गया। इस मौके पर अपनी मां के साथ शोक संवेदना व्यक्त करने आए आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए और घर वापस लौटने के बाद शादी करने से इन्कार करते हुए पीड़िता की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी थी, जिसके विरूद्ध पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज करवा दी थी, आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया था।

### पारिवारिक रजामंदी से तय हुई थी शादी

उच्च न्यायालय में आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र पर बहस करते हुए आरोपी की अधिवक्ता कहना था कि आरोपी की शादी पारिवारिक सहमति से ही तय होनी थी। दोनो की कुंडली मिलान के लिए एक दूसरे के परिजनों को दी गई थी। आरोपी के पुरोहित की राय में लड़की की कुंडली में मांगलिक दोष है। जिसके कारण परिजन शादी नहीं करना चाहते हैं, जबकि पीड़िता के अधिवक्ता का दावा है कि पीड़िता की कुंडली में मंगलिक दोष नहीं है। मामले की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने कुंडली दोष की निष्पक्ष जांच के लिए प्रश्नगत कुंडली को लखनऊ विश्वविघालय के ज्योतिष विभाग को भेजते हुए तीन सप्ताह में जांच रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में 26 जून को पेश करने का आदेश दिया है।

# अनाज गोदाम में लगी आग, करीब 50 कुंतल राशन और सैकड़ों कुंतल भूसा जलकर नष्ट

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र में धर्मपुर घुरवा गांव में शनिवार रात को अनाज गोदाम में आग लग गई। जिसकी चपेट में भूसा वाला कमरा भी आ गया। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक करीब 50 कुंतल अनाज और सैकड़ों कुंतल भूसा जलकर नष्ट हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। गंगानगर के थरवई थाना अंतर्गत धर्मपुर घुरवा गांव निवासी कुंज बिहारी यादव गांव के बड़े किसानों में गिने जाते हैं। उन्होंने अपना अनाज और भूसे का अलग गोदाम बना रखा है। जिसमें वह अपना सारा अनाज रखते थे। बगल वाले कमरे में भूसा रखते थे। शनिवार को रात करीब आठ बजे उनके अनाज के गोदाम में आग लग गई।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। भूसा गोदाम भी आग की जद में आ गया। आग की लपटें खतरनाक होने लगी। पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। गोदाम में रखा अनाज और भूसा दोनों जलकर राख हो गया। आग गोदाम में कैसे लगी यह रहस्य बना हुआ है। पुलिस घटना जांच कर रही है। थाना प्रभारी थरवई लोकेश त्रिपाठी ने बताया कि आग लगने की वजह अभी नहीं पता चली है। जांच की जा रही है।

# महिला सिपाही के साथ लव जिहाद, कहा- पति ने शादी के बाद धर्म बदलने का बनाया दबाव

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** लव जेहाद का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमे फरियादी और कोई नही बल्कि खुद पुलिस की महिला सिपाही है। और अभी महिला सिपाही अपने लिए इंसाफ मांगने के लिए अधिकारियों के दरवाजे दर दर भटक रही है। मामला शिवकुटी थाने में कार्यरत महिला सिपाही का है, जब उक्त महिला सिपाही संभल निवासी इमरान खान जो स्वयं भी पुलिस में सिपाही है, के साथ रिलेशनशिप में रहने लगी हैं। और परिवार के दबाव पर इमरान खान ने अपना धर्म परिवर्तित कर इस महिला सिपाही के साथ शादी कर ली। शादी के तुरंत बाद उसने वापस अल्पसंख्यक समुदाय के धर्म को अपना लिया तथा महिला सिपाही पर भी अपने धर्म में शामिल होने के लिए दबाव बनाने लगा। लेकिन बात तब और बिगड़ गई जब उक्त आरोपी ने महिला सिपाही पर उसके नवजात बच्चे कभी धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की जिससे वह भड़क गई और अपने बच्चे को लेकर प्रयागराज आ गई। इस बीच व सिपाही उक्त महिला सिपाही पर लगातार परिवार के साथ रहने और धन परिवर्तन करने का दबाव बनाए हुए था। इसी बीच ससुराल में एक कार्यक्रम के दौरान उसके देवर ने उसके साथ बलात्कार किया जिसके बाद महिला सिपाही द्वारा अपने ससुर मुल्तान खान एवं देवर मोहसिन खान तथा पति के खिलाफ अप्राकृतिक यौन शोषण और बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराई, लेकिन क्योंकि दोनों पक्ष उत्तर प्रदेश पुलिस के सिपाही हैं इसलिए इस मामले को दबा दिया गया। लगातार झेल रहे मानसिक प्रताड़ना के बाद उक्त महिला सिपाही ने अपने ही थाने में अपने पति एवं उसके परिवार के खिलाफ 498, 323, 504, 506, 377, 376, 328, 420 दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 और 4 के तहत मुकदमा दर्ज कराई। इस मामले में महिला सिपाही द्वारा इमरान खान मोहसिन खान मुल्तान खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। महिला सिपाही का कहना है कि उसके साथ कार्य करने वाले उनके अधिकारी उसकी बात नहीं सुन रहे हैं एवं इस मामले में शिवकुटी थाने के सब इंस्पेक्टर द्वारा ससुराल वालों पक्ष के साथ मिलकर पूरे मामले को पंच करने की कोशिश की जा रही है। लगातार बड़े अधिकारियों के पास पेश होने के बावजूद उसे न तो न्याय मिल पा रहा है और ना ही उसकी कोई सुनवाई हो रही है बल्कि सभी नियमों को ताक में रखते हुए जांच अधिकारी उसी को दोषी बनाने में लगे हुए हैं। इस विषय में पुलिस अधिकारी एसीपी शिवकुटी राजेश यादव का कहना है कि पूरे मामला पति-पत्नी के आपसी झगड़े का है। यह पूरे मामले में है जहां इमरान खान की अपने धर्म से एक पत्नी पहले से है और जिसके कारण इस मामले में कई तकनीकी खामियां हैं इसलिए पूरी जांच के बाद ही इस पर कोई कार्रवाई होगी गौरतलब हो कि महिला ने आरोप लगाया है कि इमरान खान ने संभल में अपने घर पर रहने वाली उसकी पहली पत्नी के विषय में मुझे कोई जानकारी नहीं दी थी और जब मुझे इस विषय में जानकारी प्राप्त हुई तो उसने मुझे तलाक देने और समझौता करने का दबाव भी बनाया था क्योंकि मेरी शादी हिंदू रीति के अनुसार हुई थी इसलिए तलाक का कोई औचित्य ही नहीं बनता है बल्कि उसके द्वारा मुझे धोखा देकर मेरे बच्चे का भी धर्म परिवर्तन का कार्य कराने की कोशिश की गई है।

## न्यूज झरोखा

### हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शान्ती फाउंडेशन के द्वारा उमेश चंद्र सोनी को किया गया सम्मानित



**मेजा।** गोण्डा शान्ती फाउंडेशन कार्यालय अशोकपुर टिकिया वजीरगंज के द्वारा चौथे स्तम्भ के रूप में उमेश चंद्र सोनी को हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकारिता रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर शान्ती फाउंडेशन गोण्डा की अध्यक्ष श्रीमती पिंकी देवी ,सचिव गया प्रसाद आनंद, कोषाध्यक्ष रमेश आनंद, संयोजक सुनील कुमार आनंद राज्यपाल अवॉर्डी शिक्षक ने बताया कि समाज में लोगों की आवाज को जन जन तक पहुंचाने और उनका हक दिलाने के लिए मीडिया की महती भूमिका होती है हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर ऐसे मीडिया कर्मियों को शान्ती फाउंडेशन गोण्डा के द्वारा पत्रकारिता रत्न सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है इस अवसर पर प्रयागराज से उमेश चंद्र सोनी पत्रकार को सम्मानित किया गया जिन्होंने मीडिया के माध्यम से गांव और जमीनी किसानों की आवाज को शासन-प्रशासन और देश कोने कोने तक पहुंचाने का कार्य किया है उनके सम्मान पर पत्रकार, अखिलेश कुमार मिश्रा, शशिकांत तिवारी,नीरज मिश्रा, रवि गुप्ता, राजेश शुक्ला, जयप्रकाश द्विवेदी,प्रेमानंद मिश्र, सुशील पांडेय ,आशीष शुक्ला, राजेश गौड़ ,विमल पांडेय, राम कैलाश विश्वकर्मा , राजू दुबे, हरिश्चंद्र त्रिपाठी,धनंजय प्रजापति, अखिलेश यादव, चंद्रदीप सिंह ,बुद्धसेन वर्मा , वैभव यादव, राजेश विश्वकर्मा ,शैलेश कुशवाहा,विनोद विश्वकर्मा , रामजी केसरवानी, राहुल यादव, सूरज सोनी, पंकज गुप्ता, अरविंद गुप्ता, योगेश गुप्ता, दीपक शुक्ला ,शुभम तिवारी,आदि लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दी।

### औता सरायकला ग्राम पंचायत में बना कोठारी घाट अपनी बदहाली पर बहा रहा आंसू



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के अन्तर्गर ब्लाक उरुवा ग्रामपंचायत सरायकला में बना कोठारी श्मशान घाट अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले ग्रामीण लोग दूसरे घाट पर शव का अंतिम संस्कार करते थे। कुछ महीने पहले घाट बदल दिया गया। और इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह जो कि वर्तमान में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है।उसके तहत घाट शवदाह के लिए बनाया गया मगर वह भी अनियमितता की भेंट चढ गया। अंतिम संस्कार में आये हुए ग्रामीणों ने बताया कि शव घाट तक ले जाने में काफी दिक्कत होती है। बरसात में बहुत ज्यादा दिक्कत होगी। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 2012में उक्त इलेक्ट्रानिक शवदाह गृह बनाया गया था। लेकिन यहां शव दहन के लिए इलेक्ट्रानिक संयंत्र स्थापित नहीं किया गया। बल्कि जो कुछ निर्माण हुआ था। वो भी अब खंडहर बन चुका है। और शासन-प्रशासन की लापरवाह से अनदेखी का शिकार हुआ है। या ये कहें कि इसमें भी भ्रष्टाचार हुआ है। पहले शवदाह के लिए बगल में ही कुछ ही दूरी पर लोग शवदाह करते थे। मगर अब वहां के पुजारियों का कहना है कि एक फरवरी से वहां शवदाह के लिए प्रशासन ने रोक लगा दिया है। और स्नान घाट घोषित किया है। वही पुजारियों का कहना है कि इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह में शवदाह करें जो कि कोठारी शमशान घाट के नाम से बोर्ड लगा है। मगर प्रश्न यह है कि उक्त स्थान जो शवदाह के लिए बनाया गया है उसमें किसी भी प्रकार की सुविधा क्यों नहीं है। इस समस्या से ग्रामीणों में योगी व मोदी सरकार के प्रति आक्रोश देखने को मिला है।

# पुराने शहर में जाम से छुटकारा के लिए मोती पार्क में पार्किंग की व्यवस्था का नंदी ने लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** शुक्रवार को पुराने शहर चौक, मुट्ठीगंज, बहादुरगंज, जीरो रोड, सुलाकी चौराहा आदि इलाकों में वाहनों के लगातार बढ़ रहे दबाव के कारण ट्रैफिक जाम की समस्याओं के निस्तारण की संभावनाओं को तलाशने के लिए मंत्री मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बृहस्पतिवार को चीफ टाउन प्लानर अनूप श्रीवास्तव के साथ बहादुरगंज स्थित मोती पार्क में प्रस्तावित पार्किंग स्थल का पुर्नमूल्यांकन किया। वहीं प्राचीन मनोकामनापूर्ति मंदिर सर्किट का भ्रमण किया।चीफ टाउन प्लानर ने जाम की समस्या के निस्तारण के लिए लक्ष्मण मार्केट के सामने स्थित मोती पार्क में प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग का पुर्नमूल्यांकन करते हुए मोती पार्क की भूमि पर पार्किंग स्थल के निर्माण को पूरी तरह से औचित्यपूर्ण बताया।चीफ टाउन प्लानर उत्तर प्रदेश अनूप श्रीवास्तव ने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में जाम की समस्या के निस्तारण एवं महाकुम्भ मेला 2025 के मद्देनजर प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर भ्रमण किया। चौक, जीरो रोड, मुट्ठीगंज, बहादुरगंज आदि आस-पास के इलाकों में जाम की समस्याओं को लेकर पार्किंग स्थल की सम्भावनाओं को तलाशते हुए निरीक्षण किया। चीफ टाउन प्लानर ने सुलाकी चौराहे के पास लक्ष्मण मार्केट के सामने स्थित मोती पार्क का निरीक्षण किया। जहां पर मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण के लिए निवर्तमान महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी द्वारा पहले ही शासन को प्रस्ताव भेजा था, जिसे तकनीकी स्तर पर कमियां बताते हुए दो बार कैंसिल किया जा चुका है।

# जल्द ही एस्ट्रोटर्फ मैदान पर हॉकी खेलने उतरेंगे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की हैं सुविधाएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हॉकी खिलाड़ियों का जल्द ही एस्ट्रोटर्फ मैदान पर हॉकी खेलने का सपना पूरा होने वाला है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के साइंस फैकल्टी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एस्ट्रोटर्फ मैदान स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बनकर तैयार हो चुका है। जल्द ही स्मार्ट सिटी, जिला प्रशासन और इलाहाबाद विवि तारीख तय कर इस मैदान का उद्घाटन कर इसे खिलाड़ियों के हवाले कर देगा।अंतरराष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन के सदस्यों ने बृहस्पतिवार की रात इस मैदान का निरीक्षण किया। एस्ट्रोटर्फ मैदान 7.24 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हो रहा है। स्मार्ट सिटी की ओर से बनाए जा रहे इस मैदान का पूरा काम दिसंबर-2022 के आखिरी सप्ताह तक पूरा कर लेना था। हॉकी के इस मैदान को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया गया है।मैदान के चारों ओर लोहे की जाली लगाई गई है। मैदान की लंबाई 91.44 मीटर और चौड़ाई 55 मीटर की गई है। वहीं, गोलपोस्ट को 3.66 मीटर चौड़ा और 2.14 मीटर ऊंचा रखा गया है। मैदान में दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 100 कुर्सियां लगाई गई हैं। इसके साथ ही रात में खेल हो सके, इसके लिए हाई मास्ट लाइटें भी लगाई गई हैं।

**न्यूजीलैंड से मंगाई गई है टर्फ** : इविवि में तैयार किए गए हॉकी के मैदान पर बिछने वाली टर्फ को न्यूजीलैंड से मंगाया गया है। यह टर्फ उच्च श्रेणी की है। अधिकारियों के अनुसार इस टर्फ पर खेलने से खिलाड़ियों के खेल में और निखार आएगा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में एस्ट्रो टर्फ मैदान का बनना शहर के खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर लेकर आया है।



प्रयागराज से हॉकी के कई खिलाड़ी निकले हैं। एस्ट्रो टर्फ मैदान से और भी बेहतरीन खिलाड़ी निकलेंगे।
**- दानिश मुज्तबा, ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी**

राष्ट्रीय स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर की सभी प्रतियोगिताएं एस्ट्रो टर्फ मैदान पर ही खेली जाती हैं। अब इस मैदान पर अभ्यास कर खिलाड़ी अपनी कला को और निखार सकेंगे।
**-अभय कुमार, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी**

-हॉकी के खिलाड़ियों के लिए तैयार किए गए एस्ट्रो टर्फ मैदान की अंतरराष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन की ओर से टेस्टिंग की गई है। जल्द ही इस मैदान का उद्घाटन कराया जाएगा। यह मैदान खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर पैदा करेगा।
**- चंद्रमोहन गर्ग, नगर आयुक्त**

इस मैदान पर खेलकर खिलाड़ी अपनी प्रतिभा में और निखार ला सकते हैं। अब वह दिन दूर नहीं जब शहर से हॉकी के कई दिग्गज खिलाड़ी निकलेंगे
**- पुष्पा श्रीवास्तव, सचिव, इलाहाबाद हॉकी एसोसिएशन।**

# मुआवजा दिए बिना काश्तकारों की भूमि पर दावा नहीं कर सकती सरकार, कोर्ट के आदेश से सरकार को झटका

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी में प्रस्तावित ट्रांसपोर्टनगर के भूमि अधिग्रहण के मामले में मुआवजा न पाने वाले काश्तकारों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने कहा है कि यूपी सरकार अवार्ड घोषित कर मुआवजा दिए बिना काश्तकारों की भूमि पर दावा कर उन्हें बेदखल नहीं कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि इन काश्तकारों का हक तब तक सुरक्षित बना रहेगा जब तक कि यूपी सरकार उनको उचित मुआवजा नहीं दे देती।इसके साथ ही कोर्ट ने करार नियमावली के तहत अवार्ड घोषित होने के बाद मुआवजा प्राप्त कर चुके काश्तकारों की याचिका को खारिज कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने वाराणसी के ठाकुर प्रसाद व अन्य और हरिवंश पांडेय व अन्य की याचिका पर एक साथ फैसला सुनाते हुए दिया है।मामले में वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से ट्रांसपोर्टनगर बसाया जाना है। जिसके लिए 25 जून 2001 को नोटिस जारी कर काश्तकारों से आपत्तियां मांगी गईं। प्राधिकरण ने परगना कसवर के चार गांवों कनार्डाडी, विरवा, मिल्की चक, सराय मोहन में करीब 86.299 हेक्टेयर भूमि तय की। डीएम ने 27 अप्रैल 2011 को काश्तकारों के साथ बैठक कर 45.249 हेक्टेयर भूमि का अवार्ड घोषित कर 39 करोड़, 26 लाख, 76 हजार, 250 रुपये मुआवजा दिया और शेष भूमि पर कोई निर्णय नहीं लिया। इसमें कुल चार सौ काश्तकारों ने मुआवजे की राशि दी गई।काश्तकारों ने इस अवार्ड और शेष भूमि पर कोई अवार्ड न घोषित करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने विकास प्राधिकरण सहित विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी से गुहार लगाई, लेकिन उनकी सुनी नहीं गई। प्राधिकरण समस्त भूमि पर अपना दावा कर बेदखली की कार्रवाई शुरू कर दी। इस पर काश्तकारों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर भूमि अधिग्रहण की 2001 की अधिसूचना को चुनौती देते हुए उसे रद्द करने की मांग की। कहा था कि अधिग्रहीत की गई भूमि कृषि योग्य है। उसके अधिग्रहण की जरूरत नहीं है। वहां पहले से ही आवासीय मकान, पेड़ आदि मौजूद हैं।कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि घोषित अवार्ड बहुत ही कम है। प्राधिकरण मामूली दर पर काश्तकारों की भूमि लेकर उसे कई गुना अधिक दामों पर बेचकर मुनाफा कमा रहा है। इसके अलावा मुआवजा पाने वालों की जो सूची कोर्ट में प्रस्तुत की गई। उसमें एक ही काश्तकारों के नाम कई बार हैं। साथ परिवार के अन्य सदस्यों के भी नाम जोड़े गए हैं। कुछ काश्तकारों को पूरी राशि भी नहीं मिली है।सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अपर महाधिवक्ता अजीत कुमार सिंह ने कहा कि डीएम वाराणसी ने बाकी भूमि के अधिग्रहण के लिए शासन के समक्ष प्रस्ताव भेजा है। अभी इस मामले में शासन की स्वीकृति नहीं मिली है। स्वीकृति मिलने के बाद बची हुई भूमि के अधिग्रहण की कार्रवाई छह सप्ताह में शुरू की जाएगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि अधिग्रहण की कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली एयरटेक सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड के केस में दिए गए निर्णयों के आधार पर होगी।कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन काश्तकारों को अवार्ड घोषित होने के बाद मुआवजा नहीं मिल सका है या फिर जो अपेक्षित मुआवजा नहीं प्राप्त कर सके हैं। वे विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी के समक्ष अपना दावा प्रस्तुत करेंगे। विशेष भूमि अधिकारी दो सप्ताह के भीतर उनके दावों का निस्तारण कर मुआवजा राशि उनके खाते में भेज देंगे।

# रिटायर्ड फौजी हत्याकांड : छह नहीं पांच थे हमलावर, फुटेज से मिला सुराग, दोस्त को पुलिस ने हिरासत में लिया

**प्रयागराज।** धूमनगंज में दोस्त के सामने सेवानिवृत्त फौजी धर्मेंद्र कुमार सिंह (46) की ईंट-पत्थर से सिर कूंचकर हत्या की वारदात में पांच लोग शामिल थे। घटनास्थल तक आने-जाने वाले रास्तों पर लगे कैमरों की जांच पड़ताल में इस बात का खुलासा हुआ है। फिलहाल युवक चिह्नित नहीं किए जा सके हैं। हालांकि ताड़बाग, गढ़वा के नशेड़ी युवकों पर शक जताया जा रहा है।फिलहाल 48 घंटे बीतने के बाद भी हत्यारे पुलिस की पकड़ से दूर हैं। शुक्रवार को पुलिस सुबह से शाम तक फुटेज के जरिये आरोपियों को चिह्नित करने में जुटी रही। मामले में एसओजी को भी लगाया गया है। गौरतलब है कि इस मामले में मृतक की पत्नी सुशीला की ओर से जो तहरीर दी गई थी उसमें हत्यारों की संख्या छह बताई गई थी। यह भी बताया गया था कि हत्यारे तीन बाइक से आए थे।हालांकि, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पर पता चला कि घटना में पांच बदमाश शामिल थे। इनमें से दो बाइक पर दो-दो जबकि एक बाइक पर एक बदमाश सवार था। धूमनगंज थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्य का कहना है कि आरोपियों को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है।

**दोस्त भी हिरासत में, पूछताछ जारी**

वारदात के वक्त घटनास्थल पर मौजूद मृतक का दोस्त सोहन पाल भी पुलिस की हिरासत में है। नीवा निवासी सोहन घटना का चश्मदीद है। पुलिस उससे शुक्रवार को भी पूछताछ में जुटी रही। बता दें कि घटना के बाद ही उसे हिरासत में ले लिया गया था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि घटना के वक्त सोहन शराब के नशे में धुत था।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि प्रसून सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी कथारी सहसेपुर जिला संत रविदास नगर के स्कूली दस्तावेज में माता के नाम में रूमा सिंह लिख गया है जो गलत है उनका सही नाम प्रमिला सिंह है उनको इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

## हमलावरों ने युवक पर किया राड डंडा से जानलेवा हमला, रिफर

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली के शमापुर रेलवे क्रांसिंग पर शुक्रवार की देर शाम लगभग साढ़े आठ बजे रेलवे क्रांसिंग पार करते समय मो0 साकिब पुत्र मो0 वशी निवासी गौस नगर कुंडा कोतवाली से गाडी पर हल्की टच हो जाने पर कहा सुनी होने लगी जिससे विवाद बढ़ता गया। थोड़ी देर मे दर्जनों की संख्या मे हमलावर लोहे के राड व डंडा लेकर साकिब को मारपीट कर लहूलुहान करके घायल अवस्था मे छोड़कर भाग गये। घटना की जानकारी मिलते परिजन व कोतवाली पुलिस मौके पर पंहुँच गई और गंभीर रूप से घायल पड़े साकिब से पूछताछ किया इसके बाद उपचार के लिए सीएससी कुंडा भेजा जहा चिकित्सको ने स्वरुपरानी प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया। तहरीर मिलने पर कोतवाली पुलिस जांच मे जुटी हुई है और हमलावरों को चिन्हित करने मे जुटी हुई है।

# हैंसी चौराहे पर युवक को दौड़ा-दौड़ाकर मारी गोली, मौत

## घटना से अफरा-तफरी, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के मान्धाता थाना क्षेत्र के हैसी चौराहे पर अपराधियों ने गांव के एक युवक रोशन को चौराहे पर दौड़ा कर गोली मार दी। गोली चलने से मौके पर भगदड व.अफरा-तफरी का माहौल हो गया। परिजन रोशन को लेकर प्रयागराज भागे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

घटना के बारे में बताया जाता है कि मानधाता कोतवाली क्षेत्र के मिश्रपुर गांव निवासी अषद के पुत्र रोषन को अपराधियों ने बीच चैराहे पर गोली मार दी


घटना स्थल पर निरीक्षण करती पुलिस।

जिससे रोषन गिरकर लहूलुहान हो गया। गोली चलने से आसपास के लोग दौड़े लेकिन हमलावर भाग चुके थे।

रोशन के सीने में लगी गोली हालत नाजुक होने पर सीएचसी के डाक्टरों ने प्रयागराज के लिये रिफर किया। रास्ते में रोशन की हुई मौत घर परिवार में मचा कोहराम पुलिस मौके पर पहुंची।

गोलीबारी की सूचना पर पुलिस प्रशासन के हैसी चैराहे पर पहुंचने से भगदड़ मच गई। घटनास्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी विद्यासागर मिश्र क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी यस ओ मांधाता पुष्पराज सिंह यस यस आई भृगुनाथ मिश्रा प्रतापगढ़ एसओजी टीम अपराधियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। घटनास्थल पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम भी पहुंची। सूत्रों के अनुसार अपरान्ह में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कडे. निर्देष पर पुलिस ने अपराधियों में दो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## दर्शन को जा रही मैजिक गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी, 10 घायल, चार लोग मेडिकल कालेज हुए रिफर

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ नेशनल हाइवे पर शनिवार की सुबह साढ़े नौ बजे कोतवाली लालगंज के ग्राम सराय संग्रामपुर व संग्रामगढ थाना क्षेत्र के असोगी गाव निवासी 25-30 लोग मैजिक गाड़ी से कड़ा कौशाम्बी शीतला देबी दर्शन को जा रहे थे कि हाइवे पर गंगा लेहदरी पुल के पहले मैजिक गाडी चालक की स्टेरिंग अनियंत्रित हो गई जो सड़क किनारे पलट गई।

गाडी के पलटते ही चीख पुकार मच गई चीख पुकार सुनकर आस पास के लोग दौड़ पड़े और घटना की जानकारी नवाबगंज पुलिस को दिया जानकारी मिलते नवाबगंज उप निरीक्षक अमित सिंह अपने स्टॉफ के साथ घटना स्थल पर पहुँचे और घायलो को ऑटो रिक्शा की मदद से तत्काल सीएचसी कालाकांकर भेजा घटना स्थल पर देर से एम्बुलेंस पहुंचने पर बाकी बचे लोगो को अस्पताल ले गई सीएचसी चिकित्सको ने मामूली रूप से घायलों का उपचार करके छुट्टी दे दिया। घायलों मे मुख्य रूप से रेखा देवी पत्नी अमृतलाल (45) वर्षीय निवासी ग्राम सराय संग्राम पुर थाना लालगंज प्रतापगढ़, आलोक पुत्र रामसुख (36) वर्षीय निवासी ग्राम सराय संग्राम पुर थाना लालगंज, प्रतापगढ़, राम आसरे पुत्र देवनारायण (75) वर्षीय निवासी उपरोक्त,सुभाष चंद्र केसरवानी पुत्र कल्लू प्रसाद (60) वर्षीय निवासी उपरोक्त उक्त चार लोगों को जिला अस्पताल प्रतापगढ़ के लिये रिफर कर दिया। मामूली रूप से घायल नीलम पटेल पत्नी विनोद (22) वर्षीय निवासी उपरोक्त, शिवकरण पुत्र इंद्रपाल (36) वर्षीय निवासी उपरोक्त,अमित पटेल पुत्र बाबूलाल (36) वर्षीय निवासी उपरोक्त, विश्राम पटेल पुत्र राम शंकर पटेल (42) वर्षीय निवासी उपरोक्त,पंच लाल सरोज पुत्र रामेश्वर (32) वर्षीय निवासी उपरोक्त, राम सुंदर पटेल पुत्र बुधराम (60)वर्षीय निवासी उपरोक्त, श्रीपाल पुत्र रामेश्वर (40) वर्षीय निवासी उपरोक्त, रामपाल पुत्र देवतादीन (35) वर्षीय निवासी उपरोक्त, राजू पुत्र रामपाल (9) वर्षीय निवासी उपरोक्त, गोलू पुत्र श्री नाथ (22) वर्षीय निवासी ग्राम सराय संग्रामपुर को सीएससी कालाकांकर के चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार करने के बाद परिजनों के साथ उनके घर पर भेज दिया।

## डा0 नितिन बंसल का हुआ स्थानांतरण, प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव बने नये जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश


प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल का स्थानांतरण हो गया है। आज उनका स्थानांतरण की खबर सुबह मिलते ही प्रतापगढ़ के लोग अचंभे में रह गये। जिलाधिकारी एक सुलझे हुए तथा न्यायप्रिय अधिकारी थे। उन पर जनता के लोग विश्वास करते थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में चुनाव भी कराए लेकिन कहीं विवाद में नहीं आए। उनके स्थान पर औरेया के जिलाधिकारी प्रकाष चंद्र श्रीवास्तव को प्रतापगढ़ के लिये नियुक्त किया गया है। आज जिलाधिकारी आवास पर बहुत सारे अधिकारी, नेताओं की भीड़ रही जो जिलाधिकारी के जाने से दुखी थे।


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागीगण।

## डिग्री कालेज कालाकांकर में विश्व पर्यावरण दिवस प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पंडित मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर में विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत पुनीत सागर कार्यक्रम में दो दिवसीय प्रतियोगिता मे शुक्रवार को चित्रकला एवं शनिवार को निबंध लेखन का आयोजन किया गया जिसमें सुहानी जयसवाल, विनीता मौर्या, अंतिमा देवी, प्रज्ञा मौर्या, सोनम, सोनम देवी, सन्ध्या पाल, रूपल यादव, दीक्षा, आनंदिता त्रिपाठी, मयंकेश त्रिपाठी, संदीप कुमार, नितिन कुमार, अभिमन्यु सिंह, अजय कुमार पटेल, राजपाल, आशीष मौर्या, आकाश कुमार, विवेक यादव आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का सफल संचालन केयर टेकर एन एन सी ऑफिसर डॉ ज्योति ने किया। अंत में प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव ने सभी कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस प्रतियोगिता में कालेज के समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

# बेटियों को उड़ने के लिए दें खुला आसमान देंः विधायक

## एक शाम बेटियों के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर से सटे ग्राम पूरे ईश्वर नाथ में एक शाम बेटियों के नाम कार्यक्रम जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी के आयोजन में संपन्न हुआ। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने बेटियों को खुला आसमान देने की बात कही। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि बेटियां घर की रौनक होती हैं। विशिष्ट अतिथि द्वय राजमूर्ति सिंह सौरभ व रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं, उन्हें अपना हुनर दिखाने का अवसर देना चाहिए। इस अवसर पर बेटी सानवी त्रिपाठी, प्रांजलि उपाध्याय, कल्पना को सम्मानित करने के साथ-साथ बेटियों को


जानवी जन्मोत्सव का विमोचन करती बेटियां व अतिथिगण।

आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले धर्मेंद्र कुमार मिश्र,अखिल नारायण सिंह, लखन प्रजापति एवं राजेश श्रीवास्तव का सारस्वत सम्मान किया गया तथा सानवी जन्मोत्सव विशेषांक का विमोचन हुआ।

बेटियों के सम्मान में डॉ.संगम लाल त्रिपाठी भंवर, अमरनाथ बेजोड़, रामचंद्र उपाध्याय, शिव कुमार दुबे, प्रेम शंकर द्विवेदी, शिवानंद चैबे, कैलाश नाथ मिश्र, दीनानाथ रंग उजड्ढ, अनिल कुमार निलय, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंज बिहारी लाल काका श्री, गंगा भावुक इत्यादि साहित्यकारों ने रचनाएं पढ़कर कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की। इस मौके पर अरुण कुमार, लीलावती, सुमित्रा देवी, शशि, धीरज उपाध्याय, रेनू, सौरभ, मयंक, प्रीति, विनोद कुमार, विनय दुबे, आयुष सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन सुरेश नारायण व्योम तथा आभार माया त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

## कार बाईक की भिड़न्त मे बाइक सवार घायल, रिफर

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर शनिवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे थाना क्षेत्र के चैरही गांव के सामने बाईक के आगे ऊंचाहार की तरफ से मानिकपुर की ओर जा रही कार मे पीछे से बाईक की जोरदार भिड़न्त हो जाने से बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना स्थल पर पहुँचे उप निरीक्षक अमित सिंह ने घायल बाइक सवार शारदा प्रसाद पुत्र रामस्वरूप (56) वर्षीय निवासी अलीपुर जीता कौशाम्बी को उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर भेजा जंहा उपचार करने के बाद चिकित्सको ने स्वरुपरानी प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया।

## एलायंस क्लब ने ट्रेन हादसे में हुए मृतकों के प्रति जताया शोक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल की एक आकस्मिक बैठक क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से ओडिशा के बालासोर ट्रेन हादसे में लगभग 500 लोगों की मौत व 900 से ज्यादा घायल होने की खबर से क्लब परिवार बहुत ही दुखी है। क्लब ने मृत आत्माओं के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया की इस दुख की घड़ी में परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने की कृपा करें। शोक सभा में समाजसेवी रोषनलाल उमरवैष्य, संजय खंडेलवाल, डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न, राजीव कुमार आर्य, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, आनंद मोहन ओझा, आदर्श कुमार, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, विवेक कुमार आदि ने शोक जताया।

## बालासोर रेल दुर्घटना रेलवे प्रबन्धन की घोर लापरवाही का भयावह नतीजाः प्रमोद तिवारी

### विधायक मोना ने केंद्र सरकार से मुआवजे की उठाई मांग

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा यूपी कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने ओडिशा के बालासोर रेल दुर्घटना में बडी संख्या में मृतकों की आत्मा की शांति के साथ बड़े पैमाने पर लोगों के घायल होने पर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शुक्रवार की शाम बालासोर में हुई भयावह रेल दुर्घटना को देश ही नही दुनिया की सबसे बडी खतरनाक रेल दुर्घटना ठहराते हुए इसे रेल प्रबंधन की घोर लापरवाही के चलते देश के लिए भयभीत करने वाला असह दर्द व पीड़ा करार दिया है। राज्यसभा सदस्य एवं कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि कोरोमंडल एक्सप्रेस एवं बेंगलुरू हावड़ा एक्सप्रेस इसलिए दुर्घटनाग्रस्त हुई क्योंकि पहले से ही रेल लाइन पर मालगाडी खडी होने के बावजूद रेलवे प्रबन्धन के द्वारा सिग्नल तक मिल सकने मे घोर लापरवाही बरती गयी। इधर यूपी कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी बालासोर रेल हादसे में लगभग तीन सौ मृतकों और हजार की संख्या में घायलों को लेकर गहरा दुख जताया है। विधायक एवं सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने केंद्र सरकार से रेल दुर्घटना में सभी मृतकों के परिजनों को कम से कम पचास लाख रुपए तथा गंभीर रूप से घायलों को बीस लाख व साधारण चुटहिलों को पांच पांच लाख रुपए की मुआवजा राशि भी दिये जाने पर जोर दिया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना का यह बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से शनिवार को निर्गत किया गया।

# सांसद ने अपने ग्राम प्रवास के दौरान नदी से जलकुंभी निकालकर दिया पर्यावरण का संदेश

## सांसद संगम लाल गुप्ता लगातार कर रहे ग्राम प्रवास

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सांसद संगम लाल गुप्ता ने अपने सांसद प्रवास के दौरान जनपद के सुदूर ग्रामीण अंचल आसपुर देवसरा विकास खंड के अतरौरा मीरपुर में आदि गंगा गोमती के तट पर प्रातः योगाभ्यास के बाद स्वच्छता अभियान में गोमती में जलकुंभी निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज प्रदूषित पर्यावरण के कारण ही जल संकट समेत अनेक प्रकार के संकटों का सामना करना पड़ा है और जीवनदायिनी के रूप में पहचान रखने वाली सहायक नदियां भी


नदी से जलकुंभी निकालते सांसद संगम लाल गुप्ता।

आज अपने अस्तित्व को लेकर संघर्ष कर रही हैं। सांसद ने कहा कि हमारे जनपद के उत्तरांचल से होकर गुजरने वाली आदि गंगा के संज्ञा से विभूषित मोक्षदायिनी नदी गोमती जहां आध्यात्मिक रूप से लोगों को संकट से उबारने का काम करती है वही गोमती पर बने ढकवा समेत कई लिफ्ट कैनाल से बड़ी संख्या में किसानों को सिंचाई के संसाधन उपलब्ध होते हैं। ऐसे में प्राथमिकता के आधार पर नदी के जल संचयन एवं प्रदूषण को दूर करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रभात फेरी आंगन बाड़ी कार्य कत्रियों और आशा व आजीविका मिशन की बहनों से संवाद, इंटर मीडिएट उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र सहित अनेक कार्य व बृक्षारोपण किया गया।

सांसद ग्राम प्रवास के दौरान जनसमस्याओं के निस्तारण में पहुंचे जनपद स्तरीय अधिकारियों में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने सांसद के ग्राम प्रवास कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास प्रशासन के कार्यों को आसान बना रहा है। इस अवसर पर सीआरओ राकेश गुप्ता, डीडीओ ओम प्रकाश मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अनेक विभागों के विभागाध्यक्ष, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष वंशराज निषाद, विवेक उपाध्याय, अभिषेक पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, देवेंद्र मिश्र, मनोज उपाध्याय, विजय मिश्र, रवि उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## पशु तस्कर के चंगुल से मवेशियों को चौकी प्रभारी ने कराया मुक्त

### अर्जुनपुर के राजापुर गांव में बनाया गया था बंधक

### ले जाने की कर रहे थे तैयारी,पहुंच गई पुलिस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कुछ ग्रामीणों के सहयोग से पशु तस्करों ने शुक्रवार को दर्जनों मवेशियों को बंधक बना लिया था। जैसे ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मवेशियों को बंधक मुक्त कराया, वही तस्कर भागने में सफल रहे।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर के राजापुर गांव में पशुतस्करो ने कुछ ग्रामीणों के सहयोग से कई दर्जन आवांरा पशुओं को गांव में ही बंधक बना लिया था। जानकारी के मुताबिक तस्कर मवेशियों को लेकर जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि किसी ग्रामीण ने मामले की सूचना रानीगंज कैथौला चैकी प्रभारी योगेंद्र सिंह को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बांधे गए दर्जनों मवेशियों की रस्सियों को काट कर उन्हे तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। वहीं भूख-प्यास से इस भीषण गर्मी तड़प रहे मवेशी रस्सी कटते ही इधर-उधर भागने लगे। पशु तस्कर भी पुलिस के आने की भनक पाते ही भाग निकले। वहीं पुलिस ने बताया की पशु तस्करो ने दर्जनों गौवंशो को बंधक बनाया था। जानकारी मिलते ही पशुओं को बंधक मुक्त कराया गया, साथ ही जो भी इसमें शामिल है सभी को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर बेसिक शिक्षकों के प्रतिनिधिमण्डल ने एमएलसी को सौंपा ज्ञापन

### शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने निराकरण का दिलाया भरोसा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोशिएसन ने शनिवार को यहां शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी से मिलकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र सरकार की तरह ओपीएस मेमोरेण्डम जारी किये जाने को लेकर ज्ञापन सौपा।

एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष डा. विनोद त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मे कहा है कि बेसिक शिक्षकों को भी केन्द्रीय कर्मचारियों को जिस तरह से नवीन पेंशन योजना लागू होने से पूर्व विज्ञापित पदों पर चयनित होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भारत सरकार ने पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया है। उसी प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों व शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करे। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी से मिलकर शिक्षकों ने बेसिक शिक्षकों के सामूहिक फण्ड एवं पेंशन तथा पदोन्नति जनपद के अंदर स्थानांतरण व शेष देयकों के समयबद्ध भुगतान कराने की भी मांग उठाई है। जिलाध्यक्ष डा. विनोद ने शिक्षकों के अर्न्तजनपदीय स्थानांतरण प्रक्रिया को भी शुरू कराने के लिए एमएलसी का ध्यान आकृष्ट किया। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने प्रतिनिधिमण्डल को समस्याओं के निराकरण कराए जाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर लालगंज प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र, ललित मिश्र, सरस, आशुतोष सिंह, रामेन्द्र श्रीवास्तव, डा. संजीत शुक्ल, राजीव दुबे, डा. वीरेश सिंह, मंजीत सरोज, ऋषि द्विवेदी, संजीव त्रिपाठी एवं संजय मौर्य आदि शिक्षक रहे।

## कैंप लगाकर क्षय रोग के संबंध में दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी में आयोजित तहसील दिवस में शनिवार को राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कैंप लगाकर तहसील में आए वादकारियों तथा अन्य लोगों को क्षय रोग के संबंध में जानकारी दी गई तथा इसके बचाव के संबंध में बताया गया। शनिवार को पट्टी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अखिलेश जायसवाल के साथ-साथ वरिष्ठ चिकित्सीय पर्यवेक्षक अशोक कुमार मौर्य तथा प्रतापगढ़ के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी गिरी साहब व लैब पर्यवेक्षक इम्तियाज अली ने लोगो को जानकारी दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात वरिष्ठ चिकित्सीय पर्यवेक्षक अशोक मौर्य ने बताया कि अगर दो सप्ताह तक लगातार खासी आ रही हो, शाम के समय बुखार आ रहा हो, वजन कम हो गया हो या फिर थकान महसूस हो रही हो तो टीबी की जांच जरूर करवा लें।

## बच्चा बैंक की प्रदर्शनी में हुनरबाजों को मिला सम्मान

### हैंडक्राफ्ट प्रदर्शनी के साथ ही समर कैंप का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के द्वारा भंगवा गांव में फ्री स्टडी सेंटर के परिसर में चल रहे चार दिवसीय समर कैंप का शनिवार को समापन हो गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल से अश्वनी केसरवानी, शरद केसरवानी, वीके तिवारी, आरके गुप्ता ने बच्चों द्वारा घर में पड़ी बेकार की वस्तुओं के इस्तेमाल से बनाए गए माडलों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर नौनिहालों के हुनर की सराहना की और बच्चों को सम्मानित किया। इनके द्वारा फन पार्क में लगाए गए ठंडे पेयपदार्थों जलजीरा, छाछ और रसना इत्यादि के स्टालों का मजा जी भरकर लिया। वॉटर फॉल और झरने में बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। अतिथियों ने कहा कि इन बच्चों में हुनर की कमी नहीं है। इन्हें उचित प्लेटफार्म की जरूरत है। अंशू के हैंगिग वाल और सिमरन के पोस्टर की सराहना हुई। इनके साथ साहिल, नैंसी, साहिबा और रागिनी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने किया। कैम्प के सूत्रधार टीचर राजेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया।


हैंडक्राफ्ट प्रदर्शनी के बीच बच्चा बैंक के पदाधिकारी।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग के वार्ड ब्याय की संदिग्ध दशा में मौत

**कौशाम्बी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू में तैनात एक वार्ड ब्याय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने वार्ड ब्याय के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि मोहब्बतपुर पाइंसा थाना क्षेत्र के कैमा गांव के रहने वाले राहुल यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू में वार्ड ब्याय के पद पर तैनात थे और उसी अस्पताल में एक युवती एएनएम के पद पर तैनात है अस्पताल में तैनाती के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू की युवती एएनएम से राहुल यादव को प्यार हो गया दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई और लोगों के बीच चर्चाएं होने लगी प्रेमी युगल साथ जीने मरने की कसम खाने लगे दोनों प्रेमी युगल के प्यार के बीच अचानक वार्ड ब्याय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है साथ जीने मरने की कसम टूट गई जिसके बाद लोग हतप्रभ रह गए हैं मोहब्बतपुर पाइंसा पुलिस ने वार्ड ब्याय के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 7 दिन के अंदर तहसील दिवस की शिकायतों का किया जाए निस्तारण : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश

### जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को 07 दिन के अन्दर निस्तारित किया जाय तथा आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायत को समयान्तर्गत निस्तारित किया जाय, कोई शिकायत डिफाल्टर न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता राधेश्याम, निवासी-मनीपुर पवारा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि विपक्षी द्वारा उनकी पट्टे की भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष करारी एवं राजस्व निरीक्षक को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता अनीता, निवासी-ग्राम डूडीबाग द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि उनकी पुस्तैनी मकान पर दबंग व्यक्तियों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। तहसील सिराथू में कुल 102 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, सीएमओ डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी योगेन्द्र कृष्ण नारायण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गुमशुदा को सकुशल किया बरामद

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी अंतर्गत 01 जून 2023 को वादी विशुन कुमार पुत्र जयलाल निषाद निवासी बड़का गढ़वा मजरा कोसम ईनाम द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दी गयी कि उसके पिता जयलाल निषाद बहन के घर जाने के लिए घर से निकले थे किन्तु 02 दिन से सम्पर्क नही हो पा रहा है। विपक्षी गणों द्वारा मेरे पिता को पूर्व में जान से मारने की धमकी दी गयी थी, मुझे आशंका है कि पिता को विपक्षीगणों द्वारा जान से मारकर कहीं फेंक दिया गया है। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर घटना की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक द्वारा टीमों का गठन कर गुमशुदा की तलाश हेतु निर्देशित किया गया था इस क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के सहयोग से गहनता से जांच कर गुमशुदा जयलाल को वादी की बहन के घर जनपद हरदोई से सकुशल बरामद कर पूछताछ से गुमशुदा द्वारा बताया गया कि उसका मोबाइल फोन गुम हो जाने के कारण परिवारीजनों से सम्पर्क नही कर पाया तथा विधिक कार्यवाही के पश्चात परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## दो सप्ताह के बाद भी नहीं लगा नाबालिग बालिका का सुराग



**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत अषाढा गांव की एक नाबालिग बालिका को 15 मई को गैर समुदाय का एक युवक अपने साथ ले गया है मामले की सूचना पीड़ित परिजनों ने थाना पुलिस को दिया पुलिस ने आईपीसी की धारा 363 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन 2 सप्ताह से अधिक बीत जाने के बाद आरोपी युवक की गिरफ्तारी कर बालिका को पुलिस बरामद नहीं कर सकी है। बताया जाता है कि महीनों पूर्व गैर समुदाय के एक युवक ने युवक ने पहले नाबालिग बालिका को पहले प्रेमजाल में फंसाया फिर बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित परिवार के मुताबिक 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा स्कूल में पढ़ती थी करीब 18 दिन पहले नाबालिक छात्रा स्कूल से गायब हो गई, इस दौरान परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला सहेली और परिचितों से पूछताछ के बाद भी जानकारी नहीं मिलने पर परिजनों ने पश्चिम सरीरा थाने में लिखित शिकायत पत्र देकर पुलिस को सूचना दी थाने में दी गई शिकायत पत्र के मुताबिक गांव का ही रहने वाला युवक राशिद पुत्र सलामत अली नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है नाबालिग बालिका के गायब होने पर पुलिस ने अपहरण के आशंका से अपराध दर्ज कर आरोपी युवक और नाबालिक बालिका की तलाश शुरू कर दी है,पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस आरोपी युवक और उनकी बेटी की तलाश नहीं कर रही है 2 सप्ताह से गायब हुई नाबालिग बालिका का अभी तक पुलिस सुराग नहीं लगा पाई है नाबालिग बालिका की मां ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है आरोप है कि थाने में नामजद मामला दर्ज होने के बाद भी पुलिस अभी तक उनकी नाबालिग बेटी को नहीं ढूंढ पाई है और ना ही आरोपी युवक को पुलिस गिरफ्तार कर सकी है।

# निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का डीएम ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

### फिनीशिंग कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के दिये निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आज निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज, कादीपुर का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया जिलाधिकारी ने एकेडमिक बिल्डिंग तथा गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल आदि के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने फिनीशिंग कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक वायरिंग/उपकरण के कार्य की सामग्री मंगाकर स्टोर कर लिया जाय, जिससे इन कार्यों को समय से पूर्ण किया जा सकें। उन्होंने लिफ्ट लगाये जाने के कार्य में प्रगति लाने तथा मेडिकल कॉलेज परिसर की सड़क का भी निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश दियें। उन्होंने आवश्यकता अनुसार लेबरों की संख्या और बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार सुनिश्चित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोनिवि निर्माण खण्ड-वन, प्रयागराज के-के श्रीवास्तव एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# भरी बाजार दिनदहाड़े युवक पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला

अखंड भारत संदेश

### चाकू मारने वाले एक युवक को लोगो ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा दो युवक हुए फरार



**टेडीमोड कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे में दिन दहाड़े भरी बाजार में एक युवक पर तीन युवकों ने चाकूओ से हमला कर दिया है भारी भीड़ दिन दहाड़े हमला होने से कस्बे में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने हमला कर रहे युवकों को दौड़ाकर पकड़ लिया दो युवक मौके से फरार हो गए एक युवक कस्बे के लोगों के हत्थे चढ़ गया लोगों ने पुलिस को फोन करके आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है घटना की जांच में पुलिस जुटी हुई है। घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे में शनिवार की दोपहर भीड़ के बीच वार्ड नंबर 8 निवासी शानू सोनकर पुत्र बबलू सोनकर किसी काम से बाजार आए थे बाजार में शानू को आया देख उस पर तीन युवक टूट पड़े और उसे दौड़ाकर उस पर चाकूओ से ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिया चाकुओं के हमले में शानू के पेट में गंभीर चोट लग गई और वह लहूलुहान होकर तड़प तड़प कर जमीन पर गिर पड़ा दिन दहाड़े भरे बाजार कस्बे के बीच चाकूबाजी देख लोगो में हड़कंप मच गया,कुछ लोगो ने दौड़कर हमलावर एक युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। मौके का फायदा उठा कर दो युवक भाग जाने में सफल हो गए वही इस मामले में एएसपी समर बहादुर सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर कुछ युवकों ने एक युवक को चाकू मार दिया है,युवक की हालत स्थिर है,एक युवक को पकड़ लिया गया है,मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### जन शिक्षण संस्थान द्वारा आलम चंद में स्वच्छता अभियान का किया गया आयोजन



**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी द्वारा प्रशिक्षण केंद्र आलम चंद्र में शनिवार को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडेय ने जनभागीदारी जी-20 के तहत दिनांक 1 जून से 15 जून 2023 तक चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा किया तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण का उद्देश्य स्वच्छ एवं खुले में शौच मुक्त ओडीएफ भारत की प्राप्ति करना स्वच्छता साफ-सफाई तथा खुले में शौच ना जाने का बढ़ावा देकर ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की सामान्य गुणवत्ता में सुधार लाना और यह भी बताया कि इसके तहत भारत सरकार द्वारा खुले में शौच को खत्म करने का उद्देश्य है तथा इस कार्यक्रम का उद्देश्य खुले में शौच अस्वस्थ शौचालय को प्लस शौचालयों में परिवर्तित करने का मैला ढोने की प्रथा नगरपालिका कोष प्रबंधन और स्वस्थ एवं स्वच्छता से जुड़ी प्रथाओं के संबंध में लोगों के व्यवहार में परिवर्तन लाना आदि शामिल हैं तथा इसी कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष देशराज जयसवाल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और स्वास्थ्य से संबंधित सभी जानकारी दिया इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा शिल्पी आकांक्षा मधु काजल सुष्मिता गीता कीर्ति कांति सहित 30 लाभार्थी मौजूद रहे

### निर्माणाधीन बाउंड्री को दबंगों ने गिराया



**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के तरना गांव निवासी देवेंद्र मिश्रा पुत्र केशव प्रसाद मिश्रा ने आराजी संख्या 338 में सह खातेदार अंकित सिंह से 03 मार्च को पंजीकृत बैनामा के जरिये एक भूमि खरीदी थी इस भूमि पर देवेंद्र मिश्रा बीते दस दिनों से बाउन्ड्री का निर्माण करा रहे थे देवेंद्र मिश्रा प्रयागराज में रहते हैं मौके पर कोई मौजूद नहीं था इसी बात का फायदा उठाकर अमरेश आनंद सहित कई लोग निमार्णाधीन बाउंड्री के पास पहुंचे और जबरिया निमार्णाधीन बाउंड्री को धराशाही कर दिया है निमार्णाधीन बाउन्ड्री गिराए जाने की जानकारी ग्रामीणों के जरिए देवेंद्र मिश्रा को मिली तो वह मौके पर पहुंचे और लोगों से जानकारी लेने के बाद उन्होंने मामले की जानकारी सराय अकिल पुलिस को देते हुए बाउंड्री गिराने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की

### 20 ओवरलोड वाहनों को पुलिस ने किया सीज



**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे एआरटीओ खनन अधिकारी व थाना कोखराज पुलिस एवं थाना करारी पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा चेकिंग के दौरान अवैध खनन का परिवहन करने पर ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना कोखराज पर 13 वाहनों तथा थाना करारी पर 07 वाहनों को मात्रा से अधिक बालू/मौरंग लदा हुआ पाये जाने पर सीज किया गया।

### अलमारी तोड़कर जेवरात चोरी करते बालिका मौके पर गिरफ्तार



**कौशाम्बी।** थाना पिपरी के तिल्हापुर मोड़ निवासी शिव शंकर पुत्र दुर्गा प्रसाद सोनी के घर में शनिवार की दोपहर घुसकर एक बालिका अलमारी तोड़ रही थी अलमारी तोड़ने की आवाज सुनकर घर वालों ने उसे पकड़ लिया सूचना मिलते ही ग्रामीण इकट्ठा हो गए फिर पुलिस को सूचना देकर बालिका को पुलिस के हवाले कर दिया गया पुलिस ने जब इस संबंध में लड़की से पूछताछ किया तो लड़की ने अपना नाम साक्षी उर्फ ज्योति पिता का नाम पंकज पाठक गांव इछना थाना सराय अकिल बताया है परिजनों ने बताया कि जिस अलमारी को बालिका तोड़ रही थी उसमें परिवार के सोने चांदी के जेवरात रखे थे परिवार के लोगों का कहना है कि समय रहते आवाज सुनकर पहुंच जाने से उनके घर में सोने चांदी के जेवरात चोरी होने से बच गए हैं मामले में बालिका से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा दो वांछित अभियुक्तों महेश उर्फ छोटू पुत्र स्व0 मक्खन लाल निवासी अशोक नगर नेवादा थाना कैट जनपद प्रयागराज व नींबू लाल पुत्र स्व0 शिवराजदीन निवासी कूड़ापुर थाना चरवा को काजू चौराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

## सुयोग्य विवेचक से 1 महीने में विवेचना पूर्ण कर अदालत में प्रस्तुत करने का निर्देश

अखंड भारत संदेश

### अनुसूचित जाति के ब्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में लेखपाल पर लगे थे गंभीर आरोप

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के लेखपाल ज्वाला सिंह पर जमीन के नाप के नाम पर 35000 घूसखोरी किए जाने का आरोप था जब रकम देने वाले बृजेश सिंह ने अपने रकम को वापस करने की मांग लेखपाल ज्वाला सिंह से की तो लेखपाल ज्वाला सिंह ने मारपीट गाली-गलौज किया मामले का मुकदमा करारी थाने में धारा 406 323 एससी एसटी आदि अपराध संख्या 284 सन 2022 में दर्ज हुआ मामले की विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी मंझनपुर ने किया तत्कालीन क्षेत्राधिकारी विवेचक ने अंतिम रिपोर्ट विवेचना 20 नवंबर 2022 को अदालत में प्रस्तुत करते हुए मुकदमा समाप्त करने की सिफारिश की अदालत ने मुकदमा वादी को नोटिस भेजा अदालत की नोटिस पर वादी अदालत में उपस्थित हुआ और उसने अंतिम रिपोर्ट विवेचना का विरोध किया अंतिम रिपोर्ट निरस्त करने की वादी मुकदमा ने मांग की वादी मुकदमा ने शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुए कहा कि मौके पर मौजूद लोगों का विवेचक द्वारा बयान नहीं दर्ज किया गया उन्हें डांट कर भगा दिया गया है और अभियुक्तों के साथियों का बयान दर्ज कर अंतिम रिपोर्ट विवेचना अदालत में प्रस्तुत कर मुकदमा समाप्त करने की याचना की गई है जो गलत है इतना ही नहीं दोनों पक्षों की बातचीत के ऑडियो को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य विज्ञान प्रयोगशाला नहीं भेजा गया है अदालत ने मामले को गंभीरता से लिया है और पुलिस अधीक्षक कौशांबी को निर्देशित करते हुए लिखा है कि मुकदमे की विवेचना सुयोग्य विवेचक से करा कर एक माह में अदालत में विवेचना प्रस्तुत करें।

# रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का दो टुकड़े में शव

अखंड भारत संदेश

### रेलवे ट्रैक पर नहीं मिला खून का निशान हत्या किए जाने की आशंका



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के चिल्लाशाहबाजी गांव के पास हावड़ा दिल्ली रेल लाइन पर एक अधेड़ व्यक्ति का दो टुकड़ों में शव मिला है मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है घटनास्थल पर खून के निशान नहीं मिले हैं जिससे दुर्घटना की संभावना से इनकार किया जाता है घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिल्लाशाहबाजी गांव के ग्रामीण शुक्रवार की सुबह जब खेतों की ओर जा रहे थे तो देखा कि हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के चिल्ला शाहबाजी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक अधेड़ ब्यक्ति का दो टुकड़ों में शव पड़ा है रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही आसपास के तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिस स्थान पर अधेड़ व्यक्ति का दो टुकड़ों में शव पड़ा था उस स्थान और उसके आसपास घटनास्थल पर खून के निशान नहीं है मौके की परिस्थितियां दुर्घटना से इंकार कर रही है मौके पर पहुंची सैयद सरावा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है बताया जाता है कि कानपुर से प्रयागराज की तरफ जा रही नई रेलवे लाइन पर अधेड़ ब्यक्ति का शव खभा नंबर 299/12 से 299/8 के बीच में मिला है काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है पुलिस मामले की जांच पड़ताल और शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

### महिला के मकान निर्माण में गाली गलौज कर बाधा डाल रहे दबंग

**कौशाम्बी** मंझनपुर तहसील व मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर मजरा गौरा की महिला प्रियंका यादव पुत्री छेदीलाल के मकान के निर्माण में गांव के दबंग गाली गलौज धमकी देकर लगातार कई वर्षों से बाधा डाल रहे हैं महिला ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से की है बताया जाता है कि महिला के मकान निर्माण में बाधा डालने वाले दबंग अपने आधा दर्जन साथियों के साथ 31 मई की दोपहर लगभग 11:00 बजे शराब के नशे में धुत होकर महिला के घर पर पहुंचे और दरवाजा पीटने लगे जब महिला बाहर निकली तो उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे बताया जाता है कि महिला की जमीन खाली कराकर उसकी जमीन पर दबंग कब्जा करना चाहते हैं पहले भी कई बार घटनाएं दबंग कर चुके हैं मामले की सूचना महिला ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दी लेकिन महिलाओं की शिकायती पत्रों में समस्याओं के त्वरित निस्तारण की बात करने वाली मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने महिला की समस्याओं का निस्तारण नही किया है।

# पाइप लाइन बिछाने वाले ठेकेदार बर्बाद कर रहे हैं खड़ंजा नाली ग्रामीण परेशान

### शुक्ला का पुरवा गांव में जल मिशन का पाइप लाइन बिछाए जाने में उखाड़े गए खड़ंजा को 6 महीने बाद भी नहीं लगा सके ठेकेदार

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के ग्राम शुक्ला का पुरवा मजरा इब्राहिमपुर में जल मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है लेकिन पाइपलाइन बिछाए जाने के पूर्व खोदे गए गड्ढे और उखाड़े गए खड़ंजा को ठेकेदारों द्वारा ठीक नहीं किया जा रहा है जिससे गड्ढे में ग्रामीण गिरकर घायल हो रहे हैं बताया जाता है कि लगभग 6 महीने पूर्व पानी की सप्लाई के लिए खड़ंजा आम रास्ता ठेकेदारों ने उखाड़ दिया था परंतु 6 महीने बीत जाने के बाद आज तक खड़ंजा पुनः नहीं बनवाया गया खड़ंजा ना बनाए जाने से रास्ते उबड़ खाबड़ हो गए हैं रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे हैं जिससे गांव के लोग पैदल भी नहीं निकल पा रहे हैं जल मिशन के ठेकेदारों के कारनामे के चलते गांव के लोग काफी परेशान हैं खड़ंजा उखाड़े जाने के बाद बराबर ना करने से पूरा रास्ता बाधित है तथा नाली पूरी तरह मलबे के नीचे गायब हो गयी है गांव के लोगो ने कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत किया परंतु आज तक रास्ता सही नहीं करवाया गया वाटर सप्लाई तो की गई लेकिन पूरा रास्ता खड़ंजा उखाड़ दिया गया जिससे ग्राम वालों को निकलने में समस्या हो रही है ग्रामीणों का कहना है कि बारिश का मौसम जल्दी आने वाला है अगर रास्ता इसी प्रकार रहा तो लोगों के घरों में नाली का पानी भर जाएगा गांव के लोगों का कहना है कि ठेकेदार से कई बार कहा गया परंतु ठेकेदार भी नजरअंदाज कर रहा है जिससे गांव के लोग काफी आक्रोशित हैं गांव के लोगों ने जिला अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ठेकेदार द्वारा उखाड़े गए खड़ंजा और बर्बाद की नाली को ठीक कराए जाने की मांग करते हुए ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है।

### बाबा साहेब अम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत ऋण के लिए प्रस्ताव आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा बाबा साहेब अम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रहीं है। इस योजना का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों का उत्थान करना है। इस योजना के तहत लाभार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम आयु 65 वर्ष तथा लाभार्थी ग्रामीण क्षेत्र का स्थानीय निवासी होना चाहिए। यह जानकारी जिला विकास अधिकारी विजय कुमार ने देते हुए बताया है कि उद्यमशील व्यक्ति जो अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करना चाहते हैं वे दिनांक 01 जून 2023 से 20 जून 2023 तक अपना आवेदन सम्बन्धित विकास खण्ड कार्यालय में ऑनलाईन/रजिस्टर्ड डॉक अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकतें हैं। इस योजना के तहत व्यवसाय के लिए रू0 02 लाख तथा सेवा/उद्योग क्षेत्र के लिए अधिकतम 05 लाख तक ऋण दिये जाने का प्राविधान है।

### प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एवं निषादराज बोट योजना के लिए 15 जून तक करें आवेदन

**कौशाम्बी।** सहायक निदेशक, मत्स्य ने जानकारी दी है, कि मत्स्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष एवं विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक लाभार्थी विभागीय पोर्टल पर 15 जून 2023 तक आवेदन कर सकतें है तथा अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, विकास भवन मंझनपुर से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकतीं हैं

### निरोधात्मक कार्यवाही में 18 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से पांच थाना कौशाम्बी से तीन थाना सराय अकिल से आठ थाना कड़ाधाम से दो कुल 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## संपादकीय

# सफेद खून का संवेदना हीन समाज

डॉ घनश्याम बादल

**ममता**, दया करुणा, परोपकार और न्याय के साथ दृढ़ता पूर्वक खड़े होना मनुष्य की पहली पहचान है। मनुष्य का मनुष्य से सबसे बड़ा रिश्ता ही सामूहिकता है । सामूहिकता के चलते ही मनुष्य को सोशल एनिमल या सामाजिक प्राणी कहा गया है । एकता व सामुहिकता में समाज में सब की सुरक्षा निहित है लेकिन समाज भी अलग-अलग छोटे-छोटे समुदायों, संप्रदायों, जातियों, खापों और परिवार जैसी इकाइयों में बंटा हुआ है । कभी-कभी यह बंटवारा एक दूसरे से विभिन्न कारणों के चलते टकराव भी पैदा करता है और दूरी भी बढ़ाता है लेकिन मनुष्यता के नाते यह दूरियां हमें कभी भी नफरत करने, तटस्थ या संवेदनहीन होने का संदेश नहीं देती बल्कि संवेदनशील बने रहने की मांग करती हैं। मगर पिछले कुछ वर्षों से संवेदना नाम की यह चीज समाज से धीरे-धीरे लुप्त होते हुए समाप्ति के कगार पर खड़ी नजर आ रही है । आज समाज की स्थिति यह हो गई है कि भरे बाजार किसी को चाकुओं से गोद दिया जाए तो भी न हममें साहस जागता है कि अपराधी को रोकें और न ही हमारी संवेदना जागती है । इससे भी खतरनाक कृत्य हो गया है कि हम मजे के साथ खड़े होकर उक्त घटना की वीडियो बनाते हैं उसे सोशल मीडिया पर डालकर वाहवाही लूटते हैं मगर आंखों के सामने किसी लुटती हुई महिला की इज्जत बचाने के लिए जरा सा खतरा नहीं उठाते । किसी के ऊपर जान बूझ कर गाड़ी चढ़ा देने वाले को रोकने पकड़ने का कष्ट नहीं करते । चलिए, इन सब में थोड़ा खतरा है, व्यक्तिगत सुरक्षा का प्रश्न आता है लेकिन जब कुछ महिला पहलवान राजनैतिक 'महाबली पहलवान' पर यौन शोषण का आरोप लगाती हैं तो हम हंसते हैं चुस्कियां लेते हैं फब्तियां कसते हैं क्योंकि ऐसा करने पर कहीं कोई रोक नहीं है । देश के लिए स्वर्ण पदक जुटाना कोई हंसी खेल नहीं है उसके लिए जी तोड़ मेहनत करनी पड़ती है । सिस्टम से लड़ना पड़ता है, कितनी ही कामुक निगाहों के वार कदम कदम पर सहन करने पड़ते हैं । अधिकारियों और संघो के बड़े लोगों से जैसे-तैसे या तो दामन बचाना पड़ता है या फिर उनके आगोश में आने को मजबूर होना पड़ता है । भले ही इस कथन पर भी चुटकी ली जा सकती हो लेकिन किसी महिला के लिए किसी गैर मर्द के आगोश में जाना उसके 'बैडटच' को मन मार कर सहन करना आत्मा पर भारी बोझ रखने से कम नहीं होता है ।

कई बार उपलब्धि पाने के लिए या समाज की तानाकशी से बचने के लिए ऐसे समझौते करने की मजबूरी होती है। बस यह संकोच बेइज्जती, लोग क्या कहेंगे जैसी बातें ही अपराधियों का हौसला बढ़ा देती है। जब ऐसे अपराधियों की संख्या बढ़ जाती है तब यदा-कदा सरकार की ओर से भी कुछ संवैधानिक प्रश्रय दिया जाता है जैसे पोक्सो एक्ट लाया गया उससे पहले एस सी, एस टी एक्ट आया था ।

लेकिन शर्म की बात है कि हमारा सिस्टम इतना निर्लज्ज हो गया है कि हर चीज की तोड़ ढूंढ लेता है । एक शोषित के साथ खड़े होने के बजाय वह या तो सुविधा शुल्क के आगे बिक जाता है या फिर वह बाहुबलियों या राजनैतिक रसूख वाले लोगों के आगे घुटने टेक देता है। पीड़ित को ही और भी अधिक पीड़ित करता है उसे इतना प्रताड़ित एवं बेइज्जत करता है कि वह चुपचाप मन मार कर बैठ जाता है या अपनी जान दे देता है । आज के समाज में अच्छे लोगों के बाहुल्य के बाद भी यह कड़वा सच है कि समाज से संवेदना एवं आत्मा की आवाज जैसे तत्व लगभग लगभग गायब हो गए हैं। यहां केवल महिला पहलवानों के प्रकरण की ही बात नहीं है अपितु जब कोई श्रद्धा टुकडो टुकडो में काटी जाती है या कलावा बांधे हुए कोई साहिल दूसरे धर्म की लड़की को दिल्ली जैसे व्यस्त महानगर में चाकू से गोद डालता है तब भी हमारी चेतना नहीं जागती । हां कभी-कभी निर्भया जैसे कांड हमें उद्वेलित करते रहे हैं । कभी-कभी समाज के एक खास हिस्से ने संघर्ष करके अपनी आवाज ऊंची करके बहरे सिस्टम के कानों में तेल डाला है लेकिन यह तेल डालने की प्रक्रिया भी अब दुर्भाग्य से जाति, धर्म, संप्रदाय , क्षेत्रवाद, राजनीतिक दल वाद में इस कदर बंट गई है कि सही गलत के बजाय अपना एवं जिनसे हमारा जुड़ाव है उनका स्वार्थ देखकर ही टिप्पणी की जाने लगी है एवं समर्थन या विरोध किया जा रहा है । भले इन सब बातों से क्षणिक लाभ मिल जाए कुछ स्वार्थ सिद्ध हो जाए लेकिन यह प्रवृत्ति आत्मघात की ओर ही ले जाती है ।

राजनीति या राजनीतिज्ञों से अब निष्पक्ष रहने या लोकहित के काम करने की आशाएं निरंतर धूमिल होती जा रही हैं मगर उससे भी ज्यादा खतरनाक है इस क्षेत्र के द्वारा अपने स्वार्थ एवं सुविधा अनुसार असामाजिक तत्वों को प्रश्रय देना । इतना ही नहीं उन्हें लोकतंत्र के उस सर्वोच्च मंदिर तक ले आना, मंत्री बना देना जिस पर इन तत्वों की छाया भी नहीं पड़नी चाहिए । आज चुनाव लड़ना कम से कम गरीब और ईमानदार आदमी के लिए तो संभव ही नहीं है। लड़ भी ले तो जीतने की उम्मीद करना दिवास्वप्न देखने जैसा है । चुनाव जीतने के दो बड़े हथियार अब धन एवं बल हो गए हैं और इन दोनों के बल पर जातियों खापों एवं संप्रदायों के तथाकथित ठेकेदारों को आराम से साधा जा रहा है । मगर उससे भी बड़ा प्रश्न है कि लोकतंत्र में वोटर इनके पक्ष में मतदान ही क्यों करता है ? इसका उत्तर भी सब जानते हैं । कहीं मजबूरियां है,कहीं लालच, कहीं नशाखोरी, कहीं जातिवाद तो कहीं धुरंधर राजनीतिज्ञों के द्वारा ऐसे सपने दिखाना जो गरीब आदमी देखना चाहता है, मुफ्त की रेवड़ियां बांटना । इन सब के पीछे बड़े स्पष्ट कारण हैं लेकिन जिस समाज का खून ही सफेद हो गया हो, जो स्वार्थी हो गया हो, जिसे केवल अपनी खुदगर्जी से मतलब हो, उससे अधिक उम्मीद भी क्या की जाए ?

# साक्षी हत्याकांड से उभरे कुछ यक्ष प्रश्न?

राज सक्सेना



**कुछ** जेहादी मानसिकता के सिरफिरे युवकों ने लव जिहाद के माध्यम से, हमेशा शान्ति और सौहार्द के पथ पर अग्रसर रहने वाले और खुद भी जिओ-सब को जीने दो के मूल मन्त्र पर चलने वाले बहुसंख्यक समाज को, अपनी घृणित चालों और कुकृत्यों से, वैचारिक मतभेद के उस दोराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां से एक रास्ता सामाजिक विखंडन की ओर जाता है तो दूसरा सामूहिकआत्महत्या की ओर।सच यह भी है कि अगर इस तरह की घटनाएँ नहीं रुकीं तो बहुसंख्यक समाज के सब्र का पैमाना भर जाएगा और निश्चित रूप से वह विद्रोह पर उतर कर अल्पसंख्यक समाज के सामने सीना तान कर खड़ा हो जाएगा।सत्य तो यह भी है कि आज हिन्दू समाज जागृत हो चुका है और 1947 की मानसिकता से बहुत ऊपर आ चुका है।
पिछले महीने के अंतिम सप्ताह में हुए साक्षी हत्याकांड की जो सीसीटीवी फुटेज सामने आयीं हैं उन्होंने समाज ही नहीं सरकारों के सामने भी कुछ यक्ष प्रश्न खड़े कर दिए हैं। जो सीसीटीवी फुटेज टीवी चैनलों द्वारा सार्वजनिक किये गये हैं, उनसे लगता है कि बहुसंख्यक समाज की या तो संवेदनशीलता पूरी तरह मर चुकी है या फिर वह इतना कायर हो चुका है कि, एक चलती सडक पर एक असहाय और निरस्त्र सोलह साल की एक कमजोर लड़की को एक गुंडे जेहादी के हाथों छुरे से गोद कर मारते मौन देखता रहा और घटनास्थल पर रुक कर उस जेहादी को ललकारा तक नहीं। वह बेखौफ लड़की को मारता रहा और नपुंसक समाज के लोग सडक पर सामान्य आवाजाही में लगे रहे, अगर वे सिर्फ एक हुंकार भी भर देते तो निश्चित रूप से उसकी एकाग्रता भंग होती, वह घबराकर भागता और शायद साक्षी की जान बच जाती। सही मायनों में अगर देखें तो साक्षी का हत्यारा जेहादी युवक नहीं, इतनी बड़ी घटना को चुपचाप देखते रहने वाला कायर समाज है। यही घटना अगर किसी अल्पसंख्यक समाज के मुहल्ले में हुयी होती और घटना के पात्रों का धर्म वर्तमान से विपरीत होता तो पूरा मुहल्ला इकट्ठा हो जाता जिसके हाथ जो पड़ता उसे लेकर गुंडे पर टूट पड़ता और बाद में भी कई दिनों तक पूरा देश आंदोलनों और नारों से अशांत हो जाता। ऐसा भी नहीं है कि लव जिहाद की यह पहली घटना है। इससे पहले भी लाखों घटनाएँ पिछले 75 वर्षों में हुयी हैं किन्तु बहुसंख्यक समाज, सरकारों और सामाजिक तथा धार्मिक संस्थाओं ने कोई गंभीर प्रयास इनके स्थायी निराकरण की दिशा में नहीं किये हैं। दो चार दिन साबुन के झाग की तरह विरोध कर चुप्पी साधना, नपुंसकता है, कायरता है। हजारों घटनाओं में से एक औरघटना हीबानगी के लिए काफी है। इसी वर्ष 06 फरवरी 2023 को गोरखपुर के सेशन कोर्ट ने खुशनूर ऊर्फ शेरू और आलिया को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। घोष कम्पनी मियां बाजार गोरखपुर का मुख्य बाजार है। इसी घोष कम्पनी बाजार में दुर्गेश गुप्ता रहते थे जिनकी पत्नी का नाम अमृता गुप्ता, एक बेटी लकी गुप्ता उम्र 20 साल, बेटा यश गुप्ता उम्र 6 साल थी।इस बाजार में ही दुर्गेश गुप्ता के तीन प्रतिष्ठान थे ,लकी इलेक्ट्रॉनिक, लकी मिर्च मसाला रेस्टोरेन्ट, लकी हास्पिटल।सन 2005 तक दुर्गेश गुप्ता के पास धन दौलत, रूतबा, मान सम्मान सब से भरा पूरा परिवार था जो अपनी बेटी लकी गुप्ता को बहुत चाहते थे, उसकी हर ख्वाईश आँख मूँद कर पूरी करते थे । सन 2006 में उसी मोहल्ले में रहने वाले एक ड्राइवर खुशनूर ऊर्फ शेरू उम्र 25 साल की नजर लकी पर पडी, उसने लकी को योजना बना कर अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और लकी को लेकर फरार हो गया। लकी का धर्म परिवर्तन कराकर उसे लकी से आलिया बना दिया और उसके साथ निकाह कर लिया। समाज में अति सम्मानित दुर्गेश गुप्ता इस घटना के बाद अवसाद में चले गए। वो घर से बाहर नहीं निकलते, किसी से आँख मिलाने की उनकी हिम्मत नहीं होती। व्यापार उनकी पत्नी अमृता और नौकर देख रहे थे।दुर्गेश गुप्ता ने 2007 में अपनी ही लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। गोली सटीक निशाने पर नहीं लगी, उनको हास्पिटल ले जाया गया।लम्बे इलाज के बाद 2010 में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के बादलकी उर्फ आलिया अपने पति शेरू के साथ घर आ गई और माँ के साथ रहने लगी।कुछ दिनो बाद ही लकी और शेरू अमृता गुप्ता के ऊपर जायदाद अपने नाम लिखने के लिए दबाव बनाने लगेपर अमृता गुप्ता ने इससे साफ इनकार कर दिया।वे बेटे का हक नहीं मारना चाहती थीं।उसके बाद शेरू ने अपनी सास अमृता गुप्ता का बलात्कार लकी ऊर्फ आलिया के सामने किया।इस कुकृत्य में लकी ने भी शेरू का पूरा साथ दिया। शेरू ने अपने दोस्तों को भी बुलाकर अमृता गुप्ता का बलात्कार कराया। लोक लाज से कुछ दिन अमृता गुप्ता चुप रही पर जब यह सब असहनीय हो गया तो उन्होने दामाद शेरू, बेटी लकी ऊर्फ आलिया और शेरू के अज्ञात दोस्तों के खिलाफ मुकदमा कराया और सारा वृतांत दर्ज कराया।इसके पहले कि पुलिस कोईकार्यवाही करती, शेरू ने अपनी सास अमृता गुप्ता को गोली मार दी। केस चला और अब करीब 17 साल बाद 6 फरवरी 2023 को दोनों कातिलों को आजीवन कारावास की सजा मिली। यह दृष्टांत इतना सिद्ध करने के लिए काफी है कि कितने योजनाबद्ध तरीके से लव जिहाद किया और कराया जाता है।पूरा हंसता खेलता परिवार लव जिहाद की भेंट चढ़ गया।

यहाँ विचारणीय प्रश्न यह उठता है कि भारत के संविधान में मौलिक अधिकार भी हैं और कर्तव्य भी, मगर अगर सरकार इन्हें देने में कोताही करे तो कोर्ट के माध्यम से मौलिक अधिकारों को तो लिया जा सकता है किन्तु इस तरह की घटनाओं के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन न करने वालों के प्रति कोई बड़ा दंड नहीं आरोपित किया जा सकता। क्या आज समय नहीं आ गया है कि ऐसी घटनाओं के समय अपने सामाजिक और मानवीय कर्तव्यों का पालन न करने वाले नपुंसक नागरिकों के लिए कोई कठोर दंडात्मक व्यवस्था के नियम बनाये जाएँ ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति न हो सके और घटना स्थल पर उपस्थित हर नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन अनिवार्य रूप से करे। इसके अतिरिक्त पुलिस के बंधे हाथों, न्यायिक प्रक्रिया की जटिलताओं और न्याय व्यवस्था की देरी से न्याय, जमानत की सुगमता आदि विषयों पर भी क्या कुछ क्रांतिकारी नियम बनाने का समय नहीं आ गया है। जिस तरह से अपराधियों के पक्ष में बड़े से बड़े वकील पेशे की ईमानदारी की दुहाई देकर उन्हें बचाने के लिए खड़े हो जाते हैं। वे अपने आर्थिक हितों के आगे अपने सामाजिक, मानवीय और धार्मिक कर्तव्यों की बलि देने में नहीं चूकते। होना तो यह चाहिए कि इन अपराधियों के पक्ष में खड़े होने वाले वकीलों का हर स्तर पर बहिष्कार होना चाहिए ताकि अन्यों को नजीर बने।

अब समय आ गया है कि आपसी मतभेद, राजनैतिक विद्वेष और धार्मिक संकीर्णता को दरकिनार कर पूरा समाज एकसूत्र में बंधे और आपसी भाई-चारे के साथ रहे।

# राजनीतिक दलों का मुस्लिम प्रेम?

अशोक भाटिया

**भारतीय** जनता पार्टी , कांग्रेस व सभी छत्रप दल ने 2024 के चुनाव की तैयारी जोर शोर से शुरू करदी है । एक तरफ जहाँ भाजपा के कार्यकर्ता अपनी सरकार में हुए विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं। बीजेपी कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से जनता के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदम और योजना की जानकारी घर घर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस समेत बीजेपी विरोधी क्षेत्रीय पार्टियां अलग मिशन पर हैं। अभी विपक्ष मोदी सरकार के 10 साल पूरे होने के बाद उन्हें केंद्र की सत्ता से बेदखल करने की योजना पर काम कर रहे है। कर्नाटक में मिली जीत के बाद कांग्रेस वैसे ही उत्साहित है। लेकिन इस पूरे सियासी पैंतरे को मुस्लिम वोटरों से जोड़ कर देखा जा रहा है। हाल ही में कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। दक्षिण भारत से शुरू हुई इस यात्रा ने जम्मू कश्मीर तक काफी सुर्खियां बटोरी। पूरी यात्रा के दौरान राहुल का बयान 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने आया हूं' चर्चा में रहा। इस नारे से माना गया कि पार्टी इसी के जरिए पुराने अल्पसंख्यक वोट बैंक को साधने की रणनीति बना रही है। जो राज्यों में क्षेत्रीय दलों के दबदबे के कारण बंटा हुआ है। कर्नाटक में क्षेत्रीय दल जेडीएस की तुलना में कांग्रेस को मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में अच्छा समर्थन मिला। अब कांग्रेस राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी इसी फॉमूर्ले पर आगे बढ़ती हुई नजर आएगी।

राजनीतिक जानकार कहते हैं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यह यात्रा भारत जोड़ो नहीं, बल्कि अपने पुराने वोट बैंक जोड़ने की यात्रा थी। इसमें दलित, आदिवासी और मुस्लिम सभी शामिल हैं। राहुल की यह यात्रा उन्हीं जगह से गुजरी यहां ज्यादातर मुस्लिम समुदाय के अलावा दलित और आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। इसलिए निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि राहुल की यह यात्रा अल्पसंख्यकों को जोड़ने की यात्रा थी। क्योंकि कांग्रेस को पता है कि 1990 के पहले जो मुस्लिम समुदाय एकमुश्त कांग्रेस को वोट देता था। वह धीरे-धीरे क्षेत्रीय पार्टियों में शिफ्ट हो चुका है। कांग्रेस की यह यात्रा उन्हीं मुसलमानों को फिर से साथ जोड़ने के लिए थी। जिसमें कांग्रेस काफी हद तक सफल भी रही है। इस समय कांग्रेसी नेता राहुल गांधी अमेरिका की यात्रा पर हैं।अमेरिका में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने यह कहा कि ‘मुस्लिम लीग’ एक सेक्युलर पार्टी है। लेकिन भारत में मुसलमानों को परेशान किया जा रहा है। उनके ऊपर हमले किए जा रहे हैं। उनके अधिकारों को छीना जा रहा है और उन्हें बोलने तक नहीं दिया जा रहा। राहुल गांधी यहां तक बोल गए कि 1980 में दलितों का जो हाल था वर्तमान समय में वही स्थिति देश के मुसलमानों की है। इसके अलावा राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उपहास उड़ाते हुए कहा कि एक व्यक्ति को यह लगता है कि वह सब कुछ जानता है। राहुल गांधी ने अमेरिका में फिर कहा कि भारत का लोकतंत्र खत्म हो चुका है क्योंकि देश की संवैधानिक संस्थाओं पर सरकार का कब्जा हो चुका है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2024 का लोकसभा चुनाव कई मायनों में काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। विश्लेषकों का कहना है कि 2014 से लेकर अब तक नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार की वजह से देश के हिंदुओं में धार्मिक भावनाओं का पुनः जागरण हुआ है। इसके साथ ही अपने 9 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारत की नई पहचान बनाई है। राजनीतिक विश्लेषकों का स्पष्ट रूप से कहना है कि आज पूरा विश्व भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को देख रहा है। वैश्विक स्तर पर ताकतवर देश के ताकतवर नेता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता और ताकतवर लीडर के रूप में जानने लगे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि देश के भीतर नरेंद्र मोदी की सरकार बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ देश की जनता तक पहुंचा रही है। लेकिन कुछ पार्टियां मुसलमानों को अपने पक्ष में करने की होड़ में तुष्टिकरण की राजनीति पर उतर चुकी है। देश विरोधी ताकतें भी मुसलमान और जाति में बंटे हुए हिंदुओं के दम पर लगातार देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। देश विरोधी ताकतें भारत की बढ़ती ताकत और अर्थव्यवस्था को हर हाल में रोकना चाहती है। राजनीतिक और चुनावी विश्लेषकों का कहना है कि केंद्र की मोदी सरकार भले ही बिना किसी भेदभाव के देश की जनता के साथ मुसलमानों को भी योजना का लाभ पहुंचा रही है। लेकिन देश के 98 प्रतिशत मुसलमान आज भी भारतीय जनता पार्टी के विरोध में मतदान करते हैं। इसी मुसलमान वोट बैंक को हासिल करने के लिए बीजेपी विरोधी राजनीतिक दलों के बीच होड़ मची है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मुसलमान पूरी तरह से कांग्रेस के साथ जुड़ चुके हैं। ऐसे में अगर कांग्रेस पूरे देश में अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ती है तो निश्चित तौर पर उन्हें फायदा होने वाला है। लेकिन 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ मिलकर चुनाव के मैदान में उतरती है तो उसे नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। इधर मुसलमानों का झुकाव कांग्रेस की तरफ देखते हुए क्षेत्रीय पार्टियों की चिंता बढ़ गई है। यही वजह है कि नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव समेत तमाम क्षेत्रीय दलों के नेता खुलकर तुष्टिकरण की राजनीति करने लगे हैं।

भाजपा के लोगों का कहना है कि मुस्लिम वोट के चक्कर में नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल जैसे नेता कुछ भी कर सकते हैं। भाजपा प्रवक्ता का कहना है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार घुसपैठिए रोहिंग्या बांग्लादेशियों को बसाकर उन्हें मुफ्त में राशन बिजली पानी मुहैया करा रही है। ये भी तुष्टीकरण की ही एक बानगी है। वहीं बिहार के सीमांचल का इलाका समेत कई जिलों में तेजी से बदलती डेमोग्राफी यह बताने के लिए काफी है कि राज्य में बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ कितनी तेजी से हो रही है। लेकिन नीतीश सरकार ऐसे घुसपैठियों पर रोक लगाने के बजाए पी ?फ आई जैसी देश विरोधी संस्थाओं पर केंद्र सरकार के बैन का विरोध करती है। प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि नीतीश कुमार के मुंह से कभी भी लव जिहाद के खिलाफ एक शब्द नहीं निकला। हाल ही में जिस प्रकार से दिल्ली में अभी साक्षी की हत्या की गई है उसे लेकर उनके मुंह से शब्द नहीं निकलते। नीतीश कुमार के मंत्री हिंदुओं के सबसे पवित्र धर्म ग्रंथ रामचरितमानस का अपमान करते हैं। उनकी पार्टी के नेता बिहार के शहर को कर्बला बनाने की बात करते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेते। प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि देश और बिहार की जनता कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों को अच्छी तरह से पहचान चुकी है। 2024 के लोकसभा चुनाव के चुनाव में जनता तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को करारा जवाब देकर उनका राजनीति का अंत करने वाली है। अब तो भाजपा का भी मुस्लिम वोटों की तरफ आकर्षण बढ़ रहा है । दरअसल, मुसलमानों को टिकट देने के मामले में भाजपा का रिकार्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है। पहले कुछ उग्र भाजपा नेता यह कहते हुए भी सुने गए हैं कि हमें मुसलमानों के वोट ही नहीं चाहिए। कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा के मुस्लिम उम्मीदवार गायब दिखते हैं।

अगर उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा और लोक सभा चुनावों के भाजपा उम्मीदवारों पर नजर डाली जाए तो वहां भी मुस्लिम उम्मीदवार नदारद थे। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अपना अस्तित्व बचाने के लिए जूझ रही है, तो दूसरी तरफ बसपा की लोकप्रियता भी घटी है। ऐसे में भाजपा के सामने समाजवादी पार्टी ही बड़ी चुनौती है। भाजपा मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट देकर सपा को बड़ी चुनौती देना चाहती है। हालांकि यह अभी भविष्य के गर्भ में है कि भाजपा सपा को चुनौती देकर मुसलमानों को भाजपा की तरफ खींचती है या नहीं। अभी तक भाजपा सरकार से विभिन्न सुविधाएं मिलने के बावजूद ज्यादातर मुसलमान भाजपा के लिए अच्छी राय नहीं रखते। वे यही सोचते हैं कि भाजपा जानबूझकर समाज में मुसलमानों के खिलाफ नफरत पैदा करने की कोशिश करती है। हालांकि भाजपा विश्वास दिलाने की कोशिश करती रही है कि मुसलमानों को सीएए और एनआरसी के मुद्दे पर डरने की जरूरत नहीं है। लेकिन मुसलमान भाजपा पर विास नहीं कर पा रहे। वास्तविकता यह है कि मुस्लिम समुदाय भाजपा से अपना जुड़ाव महसूस नहीं करता। हालांकि ऐसा नहीं है कि मुसलमान भाजपा से बिल्कुल नहीं जुड़े हैं। व्यक्तिगत स्वार्थ या फिर किसी अन्य कारणों से बहुत कम मुसलमान भाजपा से जुड़े हैं। भाजपा की रणनीति है कि एक बार मुसलमानों का भाजपा से जुड़ने का प्रतिशत बढ़ जाएगा तो मुस्लिम समुदाय के बड़े तबके को आसानी से भाजपा के साथ जोड़ा जा सकेगा। पार्टी अच्छी तरह जानती है कि भले ही वह मुसलमानों को अपना वोटर न माने लेकिन भविष्य में बदली हुई परिस्थितियों में विभिन्न तरह की चुनौतियां बढ़ेंगी। ऐसे में अगर मुस्लिम वोटर भाजपा के साथ होगा तो इन चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सकेगा। वैसे भी अब भाजपा हर वर्ग और समुदाय में अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। पिछले कुछ चुनावों में देखा गया है कि भाजपा को दलित समुदाय के वोट भी अच्छी खासी मात्रा में मिले। इसलिए अगर वह मुस्लिम वोटरों को साध लेगी तो एक तीर से दो निशाने लग जाएंगे।

एक तो मुसलमानों से नफरत करने के आरोप का दाग धुल जाएगा; दूसरा, इस प्रक्रिया से भाजपा की ताकत भी बढ़ेगी हालांकि मुस्लिम वोटरों को साधना व्यावहारिक रूप से इतना आसान नहीं है। देखना है कि अगले चुनाव में भाजपा की बदली हुई रणनीति सफल हो पाती है या नहीं।

# बढ़ती तकनीक और दहलाते रेल हादसे

ऋतुपर्ण दवे

**बेशक** बालासोर रेल दुर्घटना देश क्या दुनिया के भीषणतम हादसों में एक है। इतना ही नहींऔर याद भी नहीं कि देश में कभी एक साथ तीन रेलें इस तरहटकराई हों? दुर्घटना से जो एक सच सामने आया है वो बेहद दुखद और चौंकाने वाला है जिसमें रिजर्व बोगियों के अलावा मौतें जनरल बोगियोंमें सवारों की भी हुईं। उससे भी बड़ी हमेशा की तरह सच्चाई ये कि यह दुर्घटना स्टेशनपहुंचने से थोड़ा पहले हुई।अप और डाउन दोनोंट्रैककिसी स्टेशन पर पहुंचने से पहले यात्री सुविधाओं की दृष्टि सेकई लूप ट्रैक में विभाजित होकर रुकने वालीट्रेनों कोप्लेटफॉर्म तक और माल व नॉन स्टाप गाड़ियों को आगे का सीधा ट्रैक पकड़ाते हैं।यहां आगे जा रही या पीछे से आ रही ट्रेनों की स्थिति और निगरानीमें जरा सी चूकहादसों में बदल जाती है, यही हुआ। यकीनन ट्रेनों के परिचालन के लिए नित नई उन्नत और नवीनतम तकनीक विकसित होती जा रही है। बावजूद इसके हादसे उतने ही गहरे जख्म भी छोड़ जाते हैं।

दरअसल ये हादसा बहानागा रेलवे स्टेशन के पास शालीमार-चेन्नै कोरोमंडल एक्सप्रेस (12841),और सर एम.विश्वेश्वरैया टर्मिनल-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12864) तथा मालगाड़ी एक-दूसरे से टकराने से हुआ। कोरोमंडल एक्सप्रेस डिरेल होकर खड़ी मालगाड़ी से टकराई डिब्बे गिरे और लोग निकल जान बचाने इधर-उधर भगाने लगे। ठीक ऊसी समय दूसरे ट्रैक पर आ रही यशवंतपुर हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12864)आ गई और पहले गिरी दोनों ट्रेनों से टकरा गई। इसके चलते हादसे का रूप भयंकर वीभत्स और दिल दहला देने वाला हो गया। जान बचाकर भागते कई लोग भी शिकार हो गए। सुबह जब ड्रोन से तस्वीरें मिलने शुरू हुईं तो रोंगटे खड़े कर देने वाले दर्दनाक मंजरों ने और डरा दिया। जबकि बोगियों के अन्दर की तस्वीरें बेहद दर्दनाक थीं। किसी का सर धड़ से अलग था किसी के हाथ-पैर और क्षत-विक्षत शरीर।मालगाड़ी के डिब्बे के ऊपर सवारी गाड़ियों के डिब्बे जिग-जैग पोजीशन में एक-दूसरे ऊपर 50-55 फीटतक जा चढ़े। कई डिब्बे सैकड़ों मीटर दूर तक जा फिकाए। दोनों ही ट्रेन अपनी पूरी क्षमता से भरी थीं यानी 1750 यात्रियों को लेकर कुल 3500 यात्रियों की क्षमता के साथ अलग-अलग लेकिन पूरी रफ्तार से दौड़ रहीं थीं। सैकड़ों जाने चली गईं और दुर्घटना का शिकार हो गए। पिछले 20 वर्षों में यह सबसे बड़ा हादसा है।

बीते बरस की ही बात है, जीरो रेल एक्सीडेण्ड मिशन में ऑटो ब्रेक सिस्टम पर तेजी से काम की खूब बातें हुईं। ट्रेन प्रोटेक्शन एण्ड वार्निंग यानी टीपीडब्ल्यूएस तकनीक का ढिंढ़ोरा पिटा।वो प्रणाली बताई गई जिसमें गलती से भी कोई ट्रेन रेड सिग्नल जंप कर जो तो यह वार्निंग प्रणाली उसे रोक देगी। डिवाइस लोकोपायलट के उन क्रियाकलापों को मॉनीटर करेगाजिसमें ब्रेक, हार्न, थ्रोटल हैंडल शामिल हैं।यदि कोई लोको पायलटप्रतिक्रिया नहीं देगा या झपकी लग जाएगी तो ये सिस्टमखुद तुरंत ऐक्टिवेट होकर ब्रेक लगाएगा।यदि ट्रेनों की रफ्तार तय स्पीड से ज्यादा हुई और रेड सिग्नल दिखा तो भी सिस्टम लोको पायलट का रिस्पांस न मिलने पर खुद सक्रिय होगा तथा धीरे-धीरे ब्रेक लगाकर इंजन बंद कर देगा।इस हादसे पर इससे भी बड़ी विडंबना या मजाक ये कि महज एक दिन पहले 1 जून को ही रेल मंत्रालय ने ट्रेन सुरक्षा पर बड़ा चिंतन शिविर किया। नई तकनीकों पर जोरदार पक्ष रखा।रेल के सफर को सुरक्षित और आरामदेह बनाने पर फोकस किया और दावा कि कवच तकनीक से लैस ट्रेनों का आपस में एक्सीडेंट हो ही नहीं सकता। यहां तक कि यदि ये दो ट्रेन आमने-सामने आ भी जाएं तो यह तकनीक उन्हें खुद ही पीछे की तरफ धकेलने लगेगी मतलब ट्रेन का आगे बढ़ना रूक जाएगा।

# कुल्हाड़ी और पेड़...

प्रभुनाथ शुक्ल

**देखिए !** हमने इस पेड़ को खरीद लिया है। इसे काटने का अधिकार मेरा बनता है क्योंकि यह आम का पेड़ मोंगाराम का है उन्होंने इस पेड़ को मुझे बेंच दिया है। आप लोग पेड़ काटने से नहीं रोक सकते। गांव के चार बुजुर्गों को समझाते हुए लकड़ी व्यापारी जोधाराम ने कहा था। उसका काम ही हरे और सूखे पेड़ों को काटना था। लेकिन जोधाराम जी यह तो गैर कानूनी है। हरे पेड़ो को आप नहीं काट सकते हैं। वह भी आम का पेड़, इस वक्त तो इसमें फल हैं। यह कानून जुर्म है। बुजुर्ग जेठालाल ने चिंता जाताते हुए कहा था। जेठालाल जी, आपकी बात सच है, लेकिन इस जमाने में कौन कानून मानता है। सब पैसे पर काम हो जाता है। फारेस्ट आफिसर तो अपना करीबी है। रोज की उठक बैठक है। फिर पर्यावरण संरक्षण का कानून बनाने वाली सरकारें भी तो विकास की आड़ में पेड़ों का कतल करती हैं। जोधाराम ने जेठालाल को समझाते हुए कहा था। व्यपारी की बात सुनकर जेठालाल ने कहा यह तो मोंगाराम ने पैसे की लालालच में आकर गलत किया। जमीन का पैसा तो हम चारों भाईयों से ले लिया था। कम से कम इस पेड़ को ही छोड़ जाते। इसके साथ पीढ़ियों तक उनकी यादें बनी रहती। देखिए जोधाराम जी, हम लोग इस पेड़ को कटने नहीं देंगे। क्योंकि इस पेड़ से हमारी यादें जुड़ी हैं। इस आम के पेड़ ने हम सब को फल, ताजी हवा, छांव दिया है। बचपन में हम लोगों ने इसी पर उछल कूद कर आनंद लिया है। इसके मीठे फल का कर्ज हम कभी नहीं उतार सकते। जेठ के दुपहरी में हमें इसी नींड़ के नीचे आराम मिला है। कितने मवेशी इसकी छांव में अपना वक्त काट दिया। राहगीरों ने भी इसके नीचे शीतलता पायी। हमारी पीढ़ियां इसी के सानिध्य में पली। यह हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखता है। जीवनदायी वायु देता है। यह हमारे सुख-दुःख का साथी रहा। फिर इस पर कुल्हाड़ी कैसे चलने देंगे। जोधराम जी अंतिम बात यह है कि इस पेड़ को बचाने के लिए हम किसी भी हद तक जा सकते हैं, लेकिन आपकी कुल्हाड़ी इस पर नहीं चालने देंगे। जेठालाल की चेतावनी के बाद जोधाराम उलझ गया था, क्योंकि पेड़ की खरीद के लिए उसने मोंगाराम को दस हजार रुपए दिए थे। जोधाराम किसी पचढ़े में पड़ना नहीं चाहता था। लिहाजा उसने जेठालाल के चारों भाइयों के सामने एक प्रस्ताव रखा कि मैं ने इस पेड़ को मोंगाराम से दस हजार रुपए में खरीदा है। अगर मेरे पैसे मिल जाएं तो पेड़ पर कुल्हाड़ी नहीं चलाएगा।

## पुलिस ने दबोचा वांछित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा राजेश कुमार राय की टीम ने वांछित रामलखन पुत्र लालजी निवासी हरिशनपुर को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा राजेश कुमार राय, दरोगा जैनुद्दीन खान, सिपाही महेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## पुलिस चैकी में जल्द होंगी सभी सुविधायें: एसपी

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने क्षेत्राधिकारी मऊ राजकमल की मौजूदगी में नवनिर्मित चैकी खण्डेहा का निरीक्षण किया। चैकी में किस प्रकार के उपकरणों एवं सामान की आवश्यकता है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक मऊ एवं प्रधान खण्डेहा से वार्ता की गयी।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक ने खण्डेहा चैकी का निरीक्षण कर सुविधाओं को जल्द मुहैया कराने का भरोसा दिया। कहा कि पुलिस चैकी में जल्द सभी संसाधन उपलब्ध होंगे। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल, ग्राम विकास अधिकारी खण्डेहा व प्रधान खण्डेहा तथा गांव के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने प्रधानों को किया सम्मानित, योजना में है रोजगार की सम्भावनायें

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** तहसील मऊ के सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने टीएचडीसीएल एवं यूपी नेडा (टूस्को) के तहत तहसील मऊ के दस गांव- मनका छितैनी, छितैनी माफी, खरणडाह, गाहुर, कटैया डांडी, चचोखर, छरेहरा, डोडिया माफी, कोटवा माफी, उसरी माफी में आठ सौ मेगावाट सोलर पावर पार्क के तहत आने वाले प्रधानों को सम्मानित किया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने जमीन लीज रेंट पर लेने की प्रगति को तेज गति से कार्य करने को प्रधानों को आदेश देते हुए कहा कि जून के अंत तक निजी भूमि पर 70/80 फीसदी प्रगति की जाये। उन्होंने प्रधान मनका, गाहुर, कोटवा माफी, कटैया डांडी एवं ढुढवा माफी के प्रधानों को साल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने परियोजना अधिकारी यूपी नेडा को निर्देश दिये कि तेजी से कार्य किया जाये। परियोजना अधिकारी नेडा टूस्को के अधिकारियों एवं एचडीएल मऊ को भी निर्देश दिये। कहा कि टुस्को लिमिटेड केंद्र व राज्य सरकार का बड़ा उपक्रम है। किसानों को समझायें कि वह लाभ उठायें।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र की सबसे बड़ी परियोजना है। इसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, उप जिला अधिकारी मऊ नवदीप शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी भूपेश द्विवेदी, सीनियर मैनेजर पीके भट्ट, परियोजना अधिकारी एके श्रीवास्तव, सीनियर इंजीनियर हर्ष बंसल समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को पालिका अध्यक्ष ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** आयुष्मान वानप्रस्थ विश्वविद्यालय ने चित्रकूट इंटर कॉलेज सभागार में मेधा सम्मान समारोह में हाईस्कूल-इंटरमीडिएट बोर्ड के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मेधावी छात्र-छात्राओं की उपलब्धि में योगदान देने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि ये संस्था वर्ष 2007 से जिले की मेधा को आगे बढ़ाने के सराहनीय कार्य कर रही है। सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ये समारोह जारी रहे, ताकि जिले की मेधा शक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहे।

इस मौके पर संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सीनियर आईएएस आनंद कुमार सिंह, डॉ शिव शंकर शुक्ला, पंडित लालूराम शुक्ला, ज्ञान भारती स्कूल के शिवलाल सिंह राजपूत, पंकज दुबे, राजेश दुबे, प्रदीप शुक्ला, हीरालाल सोनी, अभिषेक कुमार, हरिहर प्रसाद पांडेय, धर्मेंद्र शुक्ला, वेद प्रकाश पांडेय, सभासद शंकर प्रसाद यादव, अनुराग शुक्ला, कुणाल प्रताप सिंह, मनोज कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, बीपी पटेल, सीआईसी के कार्यकारी प्रधानाचार्य फूलचंद्र चंद्रवंशी, लालमन, देवेंद्र प्रताप सिंह, शंकरलाल गुप्ता, उज्जवल गुप्ता, आशीष सिंह, कमला साहू, अनीता सिंह, राज कुमार सिंह, डॉ सियाराम द्विवेदी, डॉ एसपी त्रिपाठी, जेपी नामदेव आदि मौजूद रहे। संचालन संस्था के निदेशक बलवीर सिंह ने किया।

## समापन में योग अभ्यास में छह दर्जन बहनों ने लिया हिस्सा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महिला पतंजलि योग समिति का निःशुल्क तीन दिवसीय योग शिविर के समापन में छह दर्जन बहनों ने योग क्रियायें की।

शनिवार को पुरानी बाजार स्थित राम अग्रवाल के हाते में महिलाओं को योग क्रियायें सिखाई गईं। सूर्य नमस्कार के अभ्यास के साथ एक्यूप्रेशर चिकित्सा भी बताई गई। वात-पित्त-कफ के अनुसार सात्विक भोजन के बारे में जानकारी दी गई। जिला महिला प्रभारी मंजू केशरवानी ने बताया कि महिला पतंजलि की ओर से प्रतिदिन निःशुल्क योग क्लास जिले के कई स्थानों पर चलती है।

जिले की बहने योग अभ्यास का लाभ ले सकती हैं। योग अभ्यास से अपने शरीर और मन को स्वस्थ्य करें। शिविर में रमा अग्रवाल, मनीषा केसरवानी, सरोज जैन, वीणा बांधवकर, लालमणि गुप्ता, अनीता सिंह, अर्पणा, मंजू अग्रवाल, मीना आदि बहनों ने सहयोग दिया।

# कुछ भाजपाइयों की कमीशनखोरी से भाजपा की डूबेगी लुटिया

## -भाजपा को कुछ हमदर्द ऐसे भी मिले हैं कि आस्तीन में सांप से पलने लगे हैं-चन्द सिक्कों में बहुत ताकत है यारों, मुंसिफों के दाम भी चढने लगे हैं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा को कुछ हमदर्द ऐसे भी मिले हैं, आस्तीन में सांप से पलने लगे हैं- कुछ इसी अंदाज में कुछ भाजपाई जिले में भारी कमीशनखोरी के कार्य में लिप्त हैं। ऐसे में भाजपा की 2024 में नइया पार लगने में तमाम सवाल उठ रहे हैं।

जिले में भाजपा के क्रियाकलापों के सरसरी तौर पर किये सर्वे में ये खुलासा हुआ है। बताया गया कि इधर-उधर डोलते हुए पिछडे वर्ग से उभरकर आये, अब नवसामन्तवादी/भाजपा नेता की निधि से प्रतिनिधि की 40 फीसदी कमीशनखोरी हदें पार करने लगी हैं। प्रतिनिधि का लोगों से झूंठा वायदा, लोगों को प्रलोभन देना, फिर फोन न उठाना ये सब धोखेबाजी जनता की समझ में आ गया है। जनता को बेसब्री से 2024 के चुनाव का इंतजार है। चुनाव में जनता ने भी भाजपा को क्रूरतम जवाब देने की ठानी है। भाजपा की लुटिया डुबोने को खुद कुछ भाजपाई मुश्तैद बैठे हैं। कर्नाटक के चुनाव की गूंज भले ही यहां के नेताओं को सुनाई न दे रही हो, लेकिन जनसामान्य के बीच ये चर्चा खासी गर्म है कि कमीशनबाजी का असर यहां के भी चुनाव में पडेगा। जिस तरह से प्रधानों, स्कूल संचालकों आदि स्वयंसेवी संस्थाओं से निधि में कमीशन वसूला गया है, उसे लोग भूले नहीं हैं। सिर्फ और सिर्फ वसूली और खुद की तरक्की में तल्लीन कुछ भाजपा नेताओं से जुडे खास लोगों ने भी कमीशन की मलाई खूब चाटी है। सामाजिक पिछडेपन को दूर करने की किसी योजना का पता न चलना और राजनीतिक इच्छाशक्ति का दिखाई न देना, फिर भी तुर्रा ये कि सवर्ण समाज के लोग उन्हें बुलाकर भाषण करवाते हैं। ये खुद में आत्ममुग्धता की स्थिति है।

जिले में कोई ऐसा विभाग नहीं है, जहां कुछेक भाजपाई खुलेआम कमीशनबाजी करते न मिलें। कोतवाली समेत तहसील व तकरीबन सभी विभागों में खुलेआम लेन-देन का खेल चल रहा है। सर्वे में उभरा है कि अन्य सरकारों की अपेक्षा भाजपा सरकार में कमीशनखोरी ज्यादा हो रही है। अधिकारियों का साफ कहना है कि जब स्थानीय कुछ भाजपाइयों को कमीशन देना पडता है तो वे क्यों न लें। कुछेक भाजपा पदाधिकारी भी जानते हैं कि फिर शायद उन्हें मौका न मिले। इसीलिए कमीशनखोरी का कारोबार एडवांस लेकर चलाया जा रहा है। बिचैलियों का काम खत्म हो गया है।

चर्चा है कि जिले में डीसी मनरेगा के एक आला अधिकारी से खास सम्बन्ध हैं। वह सभी ब्लाकों से कमीशन वसूलकर अधिकारी तक भेजते हैं। एक क्रशर व्यापारी ने बताया कि मजबूरी में सीधे कमीशन देना पड रहा है। ऐसा कभी किसी सरकार में नहीं हुआ। यहां तक कि बडे कारोबारी जिले के बडके नेता तक कमीशन व चन्दा भेजने का काम कर रहे हैं। जिले के एक नेता को जिसे कभी साइकिल तक नसीब नहीं होती थी, उसके घर व बैंक बैलेंस को देखा जाये तो कमीशनखोरी का अन्दाजा इसी बात से लग जायेगा। तकरीबन सभी विभाग निरंकुश होकर कार्य कर रहे हैं। इसका खामियाजा तो भाजपा को ही भुगतना पडेगा। जिधर देखो उधर झूंठ का बाजार सजा है। जनता से झूंठ बोलो और कोई काम न करो। बडके नेता का प्रतिनिधि भी सभी विभागों से बीमा के नाम पर वसूली कर रहा है। तभी तो लोग कहते हैं कि चन्द सिक्कों में बहुत ताकत है यारों, मुंसिफों के दाम भी चढने लगे हैं-

## तंत्र साधना के आरोप में दो को लोगों ने किया पुलिस के हवाले

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट के सीतापुर श्मसान घाट में आधी रात तंत्र विद्या कर रहे दो तांत्रिकों को लोगों ने दबोचने के बाद पुलिस के हवाले किया। लोगों के आरोप है कि एक दिन पहले भागवताचार्य की मौत के बाद अंतिम संस्कार हुआ था। जिनकी आत्मा को सिद्ध करने को ये दोनों तांत्रिक क्रियाएं कर रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शनिवार को सीतापुर कस्बे के रत्नावली मार्ग में सोने-चांदी की दुकान करने वाले कारोबारी चुन्नीलाल केसरवानी और उसके बेटे सौरभ केशरवानी को लोगों ने पकड़ने के बाद चैकी पुलिस के हवाले किया है। शुक्रवार को सीतापुर कस्बे के रहने वाले 52 वर्षीय भागवताचार्य विजय पांडेय की मौत के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार बूढ़े हनुमान मंदिर पर किया था। मृतक के भाई विनोद पांडेय ने बताया कि उसके भाई भागवताचार्य के साथ ही तंत्र साधना भी करते थे। मौत के बाद जानकारों ने सचेत किया था कि आधी रात में 12 से तीन बजे के बीच कोई तांत्रिक उनके भाई की आत्मा को सिद्ध कर सकता है। वह रात श्मसान घाट के करीब रहकर नजर रखें। वह चार-पांच लोग आधी रात को श्मसान घाट के पास पहुंच गए थे। करीब साढ़े बारह बजे तंत्र साधना शुरू की। श्मसान घाट में जिस जगह शव को मुखाग्नि दी थी, वहां ये दोनों पहुंचे।

एक तांत्रिक ने तंत्र साधना शुरू की। यह देखकर लोग मौके पर पहुंचे। उनको आवाज लगाई। इसके बाद डायल 112 को सूचना देकर दोनों को पुलिस के हवाले किया। आरोप लगाया कि तांत्रिक पिता-पुत्र दोनों थे। पुलिस का कहना है कि जिनको तांत्रिक क्रियाओं के आरोप में सौंपा गया है, उन लोगों से पूंछताछ की जा रही है। फिलहाल दोनों बता रहे हैं कि वह भगवान शंकर में चढ़ाने को भस्म लेने गए थे। मामले की छानबीन जारी है। इन तांत्रिकों को कल के उस केसरवानी परिवार से भी जोड़कर देखा जा रहा है जो तीन सालों से घर में कैद होकर तंत्रमंत्र कर रहा था। इस परिवार को पुलिस ने कल घर से निकाल कर इलाज को प्रयागराज भेजा है।

## पांच जून को पेंटिंग प्रतियोगिता में लें हिस्सा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता से जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। भारत सरकार के मिशन लाइफ तथा जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर परिसर में सवेरे साढे सात बजे से नौ बजे तक पेंटिंग प्रतियोगिता होगी।

शनिवार को दिव्यांग विश्वविद्यालय के डॉ गोपाल मिश्र ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक, पानी बचाओ, पर्यावरण बचाओ, मिशन लाइफ विषय पर स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों की प्रतिभागिता से जनजागरण किया गया है। इस प्रतियोगिता में कला क्षेत्र से जुड़े अधिक से अधिक प्रतिभागियों को हिस्सा लेने को कहा है। प्रतिभागी पांच जून को समय से आकर सहभागिता कर सकते हैं। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, आयोजन सचिव डॉ रजनीश कुमार सिंह, सह आयोजक सचिव डॉ कु रमा सोनी ने बताया है। प्रतियोगिता के आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष डॉ गोपाल मिश्र ने कहा कि संस्कार भारती की जिला इकाई भी कला एवं संगीत से सामाजिक समस्याओं के समाधान को व्यापक प्रयास करती है। कला एवं संगीत की शिक्षा से संस्कार विकसित करने का प्रयास करते हैं, ताकि समाज को लाभ हो। इसी क्रम में संस्कार भारती शैक्षिक कार्यक्रम में अपना सहयोग देगी। कार्यक्रम में संस्कार भारती के पदाधिकारी डॉ राकेश कुमार, डॉ जयशंकर मिश्र, डॉ चंदना मिश्रा, डॉ अभय वर्मा भी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को कला से पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरणा देंगे।

## डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्यायें

### मौके पर जाकर निपटायें भूमि विवाद

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गये।

शनिवार को मऊ तहसील सभागार में डीएम-एसपी ने एसडीएम मऊ से कहा कि भूमि विवाद के मामले पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण करायें। नायब तहसीलदार को निर्देश दिये कि भूमि विवाद के मामलों का मौके पर जाकर निस्तारण करायें। चदई मजरा तिलौली के दिव्यांग लखपत प्रसाद के आवास काटने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने बीडीओ मऊ को निर्देश दिये कि सचिव घनश्याम शुक्ला की लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि दें।

उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण करें। ये भी कहा कि समस्याओं के निस्तारण पर गुणवत्ता का खास ध्यान दें, क्योंकि शासन से निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से वार्ता की जाती है। समस्या का निस्तारण कराया जाए तो संबंधित समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत करायें। जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ राजकमल, परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, तहसीलदार मऊ राजेश कुमार, पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, खंड विकास अधिकारी रामनगर सुनील सिंह, खंड विकास अधिकारी मऊ श्रवण कुमार गुप्ता समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## साक्षी की निर्मम हत्या करने वाले लव जेहादी को फांसी दिए जाने की मांग की

**नगीना। जय** बजरंग सेना के कार्यकताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम शैलेंद्र कुमार को सौंप कर साक्षी की निर्मम हत्या करने वाले लव जेहादी को फांसी दिए जाने की मांग की

जय बजरंग सेना के प्रदेश महामंत्री रोहित खुराना जिला अध्यक्ष रुद्राक्ष विशिष्ट वह नगर अध्यक्ष उज्जल चौहान, के नेतृत्व में जय बजरंग सेना के दर्जनों कार्यकर्ता पदाधिकारी एसडीएम कंपाउंड एकत्र हो गए जहां महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार को सोपा जिसमें लव जिहादी मोहम्मद साहिल द्वारा दिल्ली मैं साक्षी नामक नियुक्ति को चाकू से 40 वार वे 7 बार पत्थर से हमला कर निर्मम हत्या करने पर उसे सार्वजनिक चौराहे पर फांसी दिए जाने की मांग की है उन्होंने कहा कि लव जिहादी हत्यारों को जोलो में नहीं उन्हें भी फांसी के फंदे पर लटका देना चाहिए ताकि इस तरह की वारदातें करने से पहले लव जिहादियों को सौ बार सोचना पड़े।

## आठ के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज,जांच में जुटी पुलिस

**मिजार्मुराद। क्षेत्र के भि**खारीपुर गांव निवासी श्यामलाल के तहरीर पर गुरुवार की रात मिजार्मुराद पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई।

जानकारी के अनुसार श्यामलाल ने बीते 2015 में मई महीने में नव तारिक को एक जमीन सट्टा करवाया था और उस जमीन को बीस लाख रुपए में तय किया था।बात हुई थी छह महीनों में जब बीस लाख रुपया दे दिया जाएगा तो चल के जमीन का बेनाम कर दिया जाएगा।श्यामलाल ने छह महीने के अंदर अपने खाते से चार बार में काश्तकारों के खाते में बीस लाख रुपया डाल दिया लेकिन पैसा जाने के बाद जब श्यामलाल द्वारा बैनामा करने को कहां तो काश्तकारों द्वारा बार बार टाल मटोल किया जा रहा था।काफी समय बीत जाने के बाद जब जमीन श्यामलाल के नाम नही किया गया तो भुक्तभोगी मिजार्मुराद थाने पहुंच भिखारीपुर गांव निवासी पन्नालाल, मन्नालाल, जियुत, ज्वाला, मुन्नुराम, रामजी, मटरू व बलिराम के खिलाफ 420, 406, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया।मिजार्मुराद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।

## ब्राह्मण सभा ने मनाया विश्व ब्राह्मण दिवस

**नगीना। ब्राह्मण** सभा ने मनाया विश्व ब्राह्मण दिवस , इस मौके पर एक विचार गोष्ठी भी आयोजन किया गया जिसमें ब्राह्मण सभा के पूर्वजों के लिए कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

क्षत्रिय नगर स्थित ब्राह्मण सभा नगीना के अध्यक्ष डॉक्टर संदीप शर्मा के आवास पर डॉ आर सी शर्मा एवं पंडित धमानंद त्रिपाठी द्वारा भगवान परशुराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर संदीप शर्मा ने बताया कि सन 1815 में राजाराम मोहन राय द्वारा आत्मीय सभा की स्थापना की गई थी जिसका नाम 1जून 18 28 को ब्राह्मण सभा रख दिया गया था जिसे समस्त ब्राह्मण समाज विश्व ब्राह्मण दिवस के रूप में मनाता है और आगे भी मनाता रहेगा।

उन्होंने समाज के नौजवानों से पूर्वजों के सपनों को साकार करने के लिए उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद नगीना के वार्ड नं.23 से लगातार पांचवी बार सभासद बनने पर संजीव दत्त शर्मा को ब्राह्मण सभा की ओर से सम्मानित किया । डॉक्टर सदींप शर्मा की अध्यक्षता व प्रदीप शर्मा के संचालन में संपन्न हुए विचार गोष्ठी को सौरभ कौशिक एडवोकेट ,आशीष भारद्वाज ,अनुज शर्मा , सचिन शर्मा ,समीर शर्मा सहित ब्राह्मण सभा के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## बीजेपी सांसद ने राहुल गांधी पर बोला हमला, राहुल गांधी विपक्ष की भूमिका में भी नहीं हैं

**बलिया - सांसद वी**रेंद्र सिंह मस्त राहुल गांधी पर हमला बोला और कहा कि राहुल गांधी जब विदेश जाते हैं तभी ज्ञान चक्र क्यों खुलता है उनको ज्ञान विदेश में जाने के बाद ही मिलता है सबसे बड़ा खतरा है इस देश में भारतीय लोकतंत्र के साथ पक्ष के साथ विपक्ष भी होता है लेकिन राहुल गांधी ने इस विपक्ष को इतना बदनाम कर दिया है इतना कमजोर कर दिया है कि शेष में भारतीय लोकतंत्र पर विपक्ष का नहीं होने का खतरा पैदा हो गया है कल अमेरिका में बोल रहे थे कि विपक्ष का होना कोई मतलब नहीं रखता है भारतीय लोकतंत्र की जिसको समझ हो रही है विपक्ष का नहीं होने का मतलब तलाशेगा तो कौन उनको प्रधानमंत्री बना दिया प्रधानमंत्री तो देश की जनता बनाती है हम चाहेंगे हमारी पार्टी भी चाहेगी तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हैं प्रधानमंत्री बनाने के लिए उन लोगों को पेट में दर्द है वह लोग चाहते हैं कि मेरे खानदान से कोई प्रधानमंत्री होना चाहिए नहीं तो मेरा कोई कारिंदा प्रधानमंत्री होना चाहिए 2014 के बाद संसदीय राजनीति में जो भरोसा के संकट समाप्त हुआ है जो बदलाव हुआ है उसका बड़ा कारण मोदी जी हैं राहुल गांधी की पेट बथी है वह अमेरिका में शुरू होती है वह वही है ।आज के दिन में विपक्ष है कहां विपक्ष की भूमिका जो होनी चाहिए पार्लियामेंट में वह है क्या।विपक्ष हम थे और शक्तिशाली विपक्ष थे इसलिए जहां से हमारी यात्रा शुरू हुई आज हम सरकार में हैं मोदी जी के नेतृत्व में।

## कानपुर का नारी निकेतन : किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**कानपुर। यहां** के नारी निकेतन की गतिविधियां आजकल संदेह के घेरे में है यहां रह रही एक किशोरी की अस्पताल में संदिग्ध हालात में मौत के बाद घटना की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की गई है।

फिलहाल समाचार लिखे जाने तक इस घटना की सही वजह पता नहीं चल पाई है पुलिस प्रशासन ने इस मामले में जांच कराए जाने की बात कही है

स्वरूपनगर थाने के नजदीक स्थित राजकीय महिला शरणालय (नारी निकेतन) में रह रही किशोरी को अचानक बीमार पड़ने की दशा में बुधवार को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद यहां पहुंचे उसके पिता ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की भी मांग की है । यह भी अवगत कराते चलें कि नारी निकेतन में किशोरियों की उत्पीड़न की घटनाएं पहले भी प्रकाश में आती रही हैं।

इस घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक बदायूं के मीरा सरायं सिविल लाइंस निवासी 16 साल की किशोरी पिछले साल प्रेमी के साथ घर से चली गई थी। पुलिस ने ढूंढकर बदायूं नारी निकेतन में रखा था, लेकिन इसी दौरान वहां से 2 लड़कियां गायब हो गई थी जिसके बाद किशोरी को कानपुर शिफ्ट कर दिया गया था। सूचना के बाद कानपुर पहुंचे उसके पिता ने बताया कि दो महीने पहले बात हुई थी, उस समय बेटी पूरी तरह स्वस्थ थी। डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उसका पोस्टमार्टम एसीएम 6 की निगरानी में तीन डॉक्टरों के पैनल और वीडियोग्राफी के साथ कराया जाएगा। वहीं किशोरी की संदिग्ध मौत के बारे में यहां की जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह ने बताया कि दिसंबर में बदायूं से लाया गया था। हालत ज्यादा बिगड़ी तो हैलट में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

## अब अमेरिका ले सकता है राहत की सांस, टला डिफॉल्ट होने का खतरा, डेट सीलिंग बिल को सीनेट से मिली मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस और सीनेट से हरी झंडी मिलने के बाद अब अमेरिकी सरकार के लिए कर्ज की सीमा बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है। मतलब ये है कि डेट डिफॉल्ट का खतरा टल चुका है और दुनिया से भी वित्तीय संकट के काले बादल भी छंट गए है। 5 जून अमेरिका में कर्ज की लिमिट बढ़ाने के लिए आखिरी तारीख थी। अगर ऐसा नहीं होता तो अमेरिका इतिहास में पहली बार दिवालिया हो जाता। रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति जो बाइडन और हाउस स्पीकर केविन मैककार्थी के बीच कर्ज लिमिट डील पर बातचीत हुई थी। इसके बाद दिवालिया होने से कुछ ही दिन पहले कांग्रेस ने यह बिल पास कर दिया है। दोनों पार्टियों में से ज्यादातर सदस्यों ने इस बिल का समर्थन किया। डेमोक्रेट्स ने इस बिल को 165-46 से सपोर्ट किया। जबकि रिपब्लिकन्स ने इस बिल को 149-71 वोटों से सपोर्ट किया। सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने कहा कि विधेयक के पारित होने का मतलब है कि अमेरिका राहत की सांस ले सकता है। उन्होंने कहा कि देन-दारियों में चूक न हो, इसलिए यह समझौता किया गया है। विधेयक के पारित होने के बाद बाइडन ने कहा कि एक बार फिर यह दिखाया किया कि अमेरिका एक ऐसा राष्ट्र है जो अपने बिल का भुगतान करता है और अपने दायित्वों को पूरा करता है और हमेशा करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वह जल्द से जल्द विधेयक पर हस्ताक्षर करेंगे।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना पर शोक जताया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अध्यक्ष चाबा कोरोशी ने ओडिशा में हुए भीषण ट्रेन हादसे को लेकर पीड़ित परिवारों के प्रति शोक जताया है। इस हादसे में कम से कम 233 यात्रियों के मारे जाने और 900 से अधिक यात्रियों के घायल होने



की खबर है। हादसा भारत में हुई अब तक की सबसे भीषण रेल दुर्घटनाओं में से एक है, जिसमें ओडिशा के बालासोर जिले में तीन ट्रेन एक के बाद एक भयावह तरीके से एक-दूसरे से टकरा गईं। हादसे के बाद बालासोर में व्यापक राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया है। संरा महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष कोरोशी ने ट्वीट किया, ''भारत के ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और आपातकालीन सेवाओं के साथ हैं।'' यह ट्रेन दुर्घटना कोलकाता से 250 किलोमीटर दक्षिण और भुवनेश्वर से 170 किलोमीटर उत्तर में बालासोर जिले के बहानगा बाजार स्टेशन के पास लगभग सात बजे हुई। रेल मंत्रालय ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं।


## जर्मनी में फंसी भारत की बेटी आरिहा, 22 महीने से गुहार लगा रही मां को आई सुषमा स्वराज की याद

**जर्मनी।** जर्मनी में भारतीय मूल की एक बच्ची चाइल्ड सर्विसेज की कस्टडी में है। इधर बच्ची की मां मुंबई में जर्मन दूतावास के बाहर प्रदर्शन करती नजर आईं। दरअसल, जर्मनी की चाइल्ड सर्विसेज ने 2 साल की बच्ची को इस संदेह में दूर ले गई कि माता-पिता द्वारा उसका शारीरिक शोषण किया जा रहा है। लेकिन फरवरी 2022 तक आपराधिक आरोप हटा दिए जाने के बावजूद, वह अपने माता-पिता के साथ फिर से नहीं रह पा रही है। परिजन का आरोप है कि बच्ची को बर्लिन में 20 महीने से जिस सेंटर में रखा गया था। अब उसे वहां से उठाकर मंदबुद्धि सेंटर में भेज दिया गया है। बच्ची की मानसिक हालत खराब बताकर व्यवहार किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वे अरिहा शाह की भारत वापसी की लगातार वकालत करते रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हम जर्मनी से बच्ची (अरिहा शाह) को भारत वापस करने का अनुरोध कर रहे हैं। वह एक भारतीय नागरिक है और उसे 2021 में जर्मनी के युवा कल्याण की हिरासत में रखा गया था जब वह 7 महीने की थी। अब वह पिछले 20 महीनों से फॉस्टर होम में है। दूतावास ने बार-बार जर्मन अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए अनुरोध किया है कि अरिहा का उसकी सांस्कृतिक, धार्मिक और भाषाई पृष्ठभूमि के साथ संबंध से समझौता नहीं किया गया है।

## पहली बार यूट्यूब पर मंगल ग्रह से हुआ सीधा प्रसारण, दिखी लाल ग्रह की अनदेखी झलक

**डार्मस्टेड (जर्मनी)।** यूरोप की अंतरिक्ष संस्था यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ईएसए) ने पहली बार यूट्यूब पर मंगल ग्रह से सीधा प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) करने में सफलता पाई है। इस लाइव स्ट्रीमिंग से लाल ग्रह की अनदेखी झलक दिखी।

यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर के लॉन्च की 20वीं सालगिरह के मौके पर मंगल ग्रह से लाइव स्ट्रीमिंग की पहल की। इस कवायद का उद्देश्य मंगल ग्रह की सतह की तीन आयामों वाली तस्वीरों को और ज्यादा विस्तृत रूप में हासिल करना था। इस स्ट्रीमिंग की ऐतिहासिक लाइव तस्वीरें भी सामने आई हैं। इस वजह से लोगों को इस लाल ग्रह को करीब से




देख सकने का मौका मिला है। स्पेस एजेंसी ने इन तस्वीरों को अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर भी किया है। जर्मनी के डार्मस्टेड में यूरोपियन स्पेस एजेंसी के मिशन कंट्रोल सेंटर पर तैनात जेम्स गॉडफ्रे ने कहा कि आम तौर पर मंगल ग्रह से आने वाली फोटो को देखा जाता है, जो कुछ समय पहले ली गई होती हैं। सीधे प्रसारण से हम वास्तविक स्थितियों (रीयल टाइम) में इस ग्रह को देख सकने में सफल हुए हैं। इससे लोग इस ग्रह के और करीब पहुंच सकेंगे। उनका कहना था कि लाइव स्ट्रीमिंग में किसी ने भी मंगल ग्रह की ऐसी तस्वीरें नहीं देखी थीं।

उन्होंने दावा किया कि अक्सर लाल ग्रह के डेटा और इसका ऑब्जर्वेशन तब होता है जब कोई अंतरिक्ष यान पृथ्वी के सीधे संपर्क में नहीं होता। इसलिए फोटोग्राफ्स को तब तक इकट्ठा किया जाता है जब तक कि उन्हें वापस नहीं भेजा जाता।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन आज से भारत की दो दिवसीय यात्रा करेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन रविवार से भारत की दो दिवसीय यात्रा की शुरुआत करेंगे। ऑस्टिन की यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन की प्रस्तावित यात्रा से करीब दो सप्ताह से अधिक समय पहले हो रही है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्टिन सोमवार को रक्षा सहयोग से संबंधित कई मुद्दों पर बातचीत करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा मंत्री दो दिवसीय भारत यात्रा के लिए रविवार को सिंगापुर से नयी दिल्ली पहुंचेंगे। ऑस्टिन की यह दूसरी भारत यात्रा होगी। इससे पहले, उन्होंने मार्च 2021 में भारत की यात्रा



की थी। मंत्रालय ने कहा कि जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस भी राजनाथ के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए नयी दिल्ली की यात्रा करेंगे। दोनों नेताओं के बीच छह जून को वार्ता होगी। मंत्रालय के अनुसार, ऑस्टिन और पिस्टोरियस के साथ राजनाथ की बैठक के दौरान औद्योगिक सहयोग के साथ-साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

## अगस्त में चीन दौरे पर जा सकते हैं नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' अगस्त महीने की शुरुआत में चीन का दौरा कर सकते हैं। सीपीएन (एमसी) के उपाध्यक्ष अग्नि प्रसाद सापकोटा के नेतृत्व में चीन से लौटे 20 नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने काठमांडू में प्रचंड की संभावित चीन यात्रा की जानकारी दी।सापकोटा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि प्रचंड ने अगस्त महीने की शुरुआत में चीन को यात्रा की संभावित तारीख के बारे में संदेश भेजा है। प्रधानमंत्री प्रचंड की चार दिवसीय भारत यात्रा के दौरान उनकी संभावित चीन यात्रा की योजना का खुलासा हुआ है। 31 मई से भारत के दौरे पर गए प्रधानमंत्री प्रचंड 03 जून को काठमांडू लौटेंगे। सापकोटा ने बताया कि भारत जाने से पहले प्रचंड को चीन आने का न्यौता मिला था। हालांकि प्रचंड ने भारत को अपनी पहली विदेश यात्रा का



गंतव्य बनाया। सापकोटा ने बताया कि चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट को लेकर भी चर्चा हुई। अगर बीआरआई प्रोजेक्ट की कुछ योजनाओं को सब्सिडी दी जाती है तो परियोजना को आगे बढ़ाया जा सकता है। नेपाल ने 2017 में चीन के साथ बीआरआई समझौता किया था, लेकिन प्रोजेक्ट अभी लंबित है।

## 'युद्ध के हालात ना बनें, इसके लिए चीन से बातचीत जरूरी'

**सिंगापुर।** सिंगापुर में बीती रात शंगरी-ला डायलॉग डिफेंस समिट हुआ, जिसमें अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू भी शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं ने हाथ मिलाए लेकिन अमेरिका इससे संतुष्ट नहीं है। दरअसल शंगरी ला डायलॉग से इतर दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच बातचीत होनी थी लेकिन बीते दिनों चीन ने अमेरिका की इस पेशकश को खारिज कर दिया था।

**चीन के साथ बातचीत के पक्ष में अमेरिका**

चीन द्वारा बातचीत की पेशकश खारिज होने पर अमेरिका ने निराशा जाहिर की है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि 'अमेरिका का मानना है कि चीन के साथ बातचीत के रास्ते खुले रहने चाहिए। खासकर हमारे रक्षा और सैन्य नेताओं के बीच बातचीत जरूरी है। जितना ज्यादा हम बातचीत करेंगे, उतनी ही गलतफहमी की आशंका कम होगी। इससे संघर्ष जैसे हालात नहीं बनेंगे।' उल्लेखनीय है कि चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू को अमेरिका ने साल 2018 में प्रतिबंधित कर दिया था। दरअसल रूसी हथियार खरीदने के चलते ली शांगफू पर यह कार्रवाई की गई थी। माना जा रहा है कि चीनी रक्षा मंत्री के अमेरिका रक्षा मंत्री से बातचीत को खारिज करने की ये भी एक वजह है। हालांकि पेंटागन ने कहा कि प्रतिबंध के चलते आधिकारिक बातचीत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**चीन के रूख से अमेरिका चिंतित**

अमेरिका के रक्षा मंत्री ने कहा कि वह चीन द्वारा बातचीत को लेकर अनिच्छा जाहिर करने से बेहद चिंतित हैं। अंतरराष्ट्रीय एयरस्पेस में अमेरिका और सहयोगी देशों के साथ हो रहे खतरनाक इंटरसेप्ट पर भी लॉयड ऑस्टिन ने चिंता जाहिर की। बता दें कि हाल ही में दक्षिण चीन सागर के ऊपर एयरस्पेस में अमेरिका और चीन के लड़ाकू विमान काफी नजदीक आ गए थे। ताइवान और चाइनीज जासूसी गुब्बारे के मुद्दे पर अमेरिका और चीन के रिश्तों में कड़ावहट बढ़ी है। बता दें कि अमेरिका रक्षा मंत्री इन दिनों एशिया के दौरे पर आए हुए हैं। वह पहले जापान के दौरे पर गए और जल्द ही भारत भी पहुंचेंगे। चीन को काउंटर करने के उद्देश्य से अमेरिकी रक्षा मंत्री की इस यात्रा को अहम माना जा रहा है।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया विकृत व अनैतिक, फिर उठाई बदलाव की मांग

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को विकृत व अनैतिक करार दिया है। इसके साथ ही भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर आयोजित चर्चा में भाग लेते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने खरी-खरी सुनाई। कंबोज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद विकृत और अनैतिक है और यह अभी भी उपनिवेशवाद की सोच से चल रही है। सुरक्षा परिषद बदले हुए भू-राजनैतिक परिदृश्य में नई ताकतों के उभार को प्रतिबिंबित नहीं करती है। चर्चा में भारत के अलावा ब्राजील, दक्षिण



अफ्रीका, सेंट विंसेंट और ग्रेनाडा के राजनयिक शामिल हुए। बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज उन्होंने साफ कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मौजूदा संरचना आज की बहु-ध्रुवीय और आपस में जुड़ी हुई दुनिया की हकीकतों से परे है।कंबोज ने कहा कि सुरक्षा परिषद का गठन एक अलग युग में हुआ था और यह नई ताकतों के उभार को प्रतिबिंबित नहीं करती है। आज जब भूराजनैतिक परिदृश्य बदल रहा है तो देश ज्यादा समान और निष्पक्ष वैश्विक व्यवस्था चाहते हैं। कंबोज ने कहा कि आज अभूतपूर्व वैश्विक चुनौतियां दुनिया के सामने हैं, ऐसे में संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, आपदा और मानवीय संकट के चलते एकजुट होकर जिम्मेदारी से कदम उठाने की जरूरत है। कंबोज ने सभी देशों से अपील की कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों के लिए प्रयास करें।

## स्वीडन की उम्मीदवारी को आगे बढ़ाने के लिए सप्ताहांत में तुर्किये जा रहे हैं नाटो प्रमुख

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेंस स्टोल्टेन्बर्ग इस सप्ताहांत तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयप एर्दोआन और देश के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ वार्ता करेंगे। उल्लेखनीय है कि तुर्किये पर इसके लिए दबाव बढ़ रहा है कि वह सैन्य संगठन नाटो में स्वीडन के शामिल होने के प्रति अपनी आपत्तियां हटा ले। नाटो मुख्यालय ने एक बयान में कहा कि स्टोल्टेन्बर्ग, एर्दोआन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। एर्दोआन, पिछले हफ्ते चुनाव में जीत हासिल करने के बाद फिर से तुर्किये के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि नाटो 11-12 जुलाई को लिथुआनिया में हुई बैठक में स्वीडन को सैन्य गठबंधन में शामिल करना चाहता है, लेकिन तुर्किये और हंगरी द्वारा इस कदम को अब तक मंजूरी नहीं दी गई है। किसी नये सदस्य को गठबंधन में शामिल करने के लिए नाटो के सभी 31 देशों द्वारा उसकी उम्मीदवारी का अनुमोदन किया जाना जरूरी है। तुर्किये की सरकार ने स्वीडन पर चरमपंथी संगठनों और कुर्द चरमपंथी समूहों के प्रति काफी उदार रुख रखने का आरोप लगाया है। कुर्द समूह और इससे जडे लोगों ने तर्किये में 2016 में तख्तापलट की कोशिश की थी।

## तीन मामलों में 13 जून तक बढ़ी इमरान की जमानत; पंजाब के पूर्व सीएम ने भी किया राजनीति छोड़ने का एलान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान यहां एक आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) के समक्ष पेश हुए। अदालत ने लाहौर के कोर कमांडर हाउस पर हमले सहित तीन मामलों में उनकी अग्रिम जमानत की अवधि 13 जून तक बढ़ा दी। अदालत के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

खान कड़ी सुरक्षा के बीच एटीसी लाहौर में पेश हुए। उन्होंने होने की अनुमति दी जाए, जिसे अस्वीकार कर दिया गया।



हालांकि न्यायाधीश ने उन्हें जांच में शामिल होने का निर्देश दिया और उनकी जमानत 13 जून तक बढ़ा दी। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार का नाम भी उन नेताओं की सूची में शामिल हो गया हैं, जिन्होंने हाल ही में राजनीति छोड़ने का एलान किया है। बुजदार इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से जुड़े थे। बता दें कि अल कादिर ट्रस्ट मामले में पिछले महीने नौ मई को अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी हुई थी। इसके बाद देशभर में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने जिन्ना हाउस समेत कई सैन्य प्रतिष्ठानों को आग के हवाले कर दिया था। इसके बाद अब सेना ने पीटीआई के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। इससे पहले इमरान खान की करीबी और पूर्व मानवाधिकार मंत्री शिरीन मजारी ने भी पीटीआई को छोड़ने की घोषणा की है। उनके अलावा पार्टी के कई शीर्ष नेताओं ने पार्टी छोड़ चुके हैं। बुजदार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, सबसे पहले मैं नौ मई की घटना की निंदा करता हूं। जिन सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया, वे पाकिस्तान की संपत्तियां थीं और मेरा मानना है कि हमें ऐसी घटनाओं से बचना चाहिए। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, बुजदार ने कहा कि वह हमेशा पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के साथ खड़े रहे हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा, मैं हमेशा बड़प्पन की राजनीति के प्रतिबद्ध रहा हूं। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में मैंने राजनीति को छोड़ने का फैसला किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सभी हितधारकों से आम सहमति पर पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों से उन लोगों को जेल से रिहा करने का भी आह्वान किया जो निर्दोष हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## आतंकवाद पर नकेल कसने को एकजुट हुए ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री

**केपटाउन।** पांच देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के समूह ब्रिक्स विदेश मंत्री एकजुट होकर आतंकवाद पर नकेल कसने को तैयार हैं। दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में हुई ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद एक संयुक्त बयान में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों ने 'जब भी, कहीं भी और किसी के द्वारा भी प्रतिबद्ध' आतंकवाद की कड़ी निंदा की। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों ने एकसुर में कहा कि वह आंतकवाद से निपटने के लिए



तैयार हैं। बैठक के दौरान पांचों देशों ने संयुक्त राष्ट्र संघ के तहत अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर आतंकवाद से लड़ने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। सभी तरह के आतंकवाद की निंदा करते हुए पांचों देशों ने आतंकवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने में देशों तथा उनके सक्षम निकायों की प्राथमिक भूमिका को रेखांकित किया। इन देशों के मंत्रियों ने संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि वे आंतकवाद के सभी रूपों से लड़ने को तैयार हैं।

बयान में मंत्रियों ने आतंकवादी गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया, जो वर्तमान समय में एक गंभीर खतरा पैदा करता है। ब्रिक्स के मंत्रियों ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी धर्म, राष्ट्रीयता, सभ्यता या जातीय समूह से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के चार्टर और मानवाधिकारों के सम्मान के आधार पर अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करते हुए आतंकवाद के खतरे को रोकने और उसका मुकाबला करने के वैश्विक प्रयासों में और योगदान देने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## 200 भारतीय मछुआरों और तीन कैदियों को रिहा करेगा पाकिस्तान, वाघा सीमा पर भारत को सौंप जाएगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के भारत दौरे के बाद उनके तेवर काफी ढीले पड़े हैं। पहले भारत की सराहना और अब उन्होंने घोषणा की है कि पाकिस्तान मानवीय आधार पर 200 भारतीय मछुआरों और तीन असैन्य कैदियों को रिहा करेगा।

पिछले महीने पाकिस्तानी अधिकारियों ने कराची की जेल में बंद 198 भारतीय मछुआरों को देश की समुद्री सीमा में अवैध



रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद रिहा कर दिया था। उन्हें वाघा सीमा पर भारत को सौंपा था। वहीं भुट्टो जरदारी ने एक ट्वीट में कहा कि आज, पाकिस्तान 200 भारतीय मछुआरों और तीन नागरिक कैदियों को रिहा कर रहा है। इससे पहले, 198 भारतीय मछुआरों को 12 मई 2023 को रिहा किया गया था। यह मानवीय मामलों का राजनीतिकरण नहीं करने की पाकिस्तान की नीति के अनुरूप है। करुणा को राजनीति पर वरीयता मिलनी चाहिए। बता दें कि पाकिस्तान और भारत नियमित रूप से मछुआरों को समुद्री सीमा का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार करते हैं। हालांकि, उन्हें फिर रिहा कर दिया जाता है।

बता दें कि पाकिस्तान और भारत नियमित रूप से मछुआरों को समुद्री सीमा का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार करते हैं।